बुधवार, 25 फरवरी 2026

मौसम

तापमान 20 – 30
आर्द्रता 73%
सूर्योदय: 06:03 सूर्यास्त: 17:38

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कर्तव्य ही ऐसा आदर्श है जो कभी धोखा नहीं दे सकता है।



एआई सम्मेलन में प्रदर्शन: युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## एसआईआर : दावों के सत्यापन के लिए झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की मंजूरी

- चुनाव आयोग वहन करेगा खर्चा
- सुप्रीम कोर्ट का आदेश, आधार ओंर माध्यमिक एडमिट कार्ड होंगे वेंध दस्तावेज



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 80 लाख दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए 250 जिला न्यायाधीशों के अलावा दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती और पड़ोसी राज्यों झारखंड एवं ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की मंगलवार को अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल के 22 फरवरी के पत्र का संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर कवायद के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों का निपटारा करने में लगभग 80 दिन लगेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने इस तथ्य पर गौर करते हुए कई नए निर्देश जारी किए कि अगर प्रत्येक न्यायिक अधिकारी रोजाना 250 दावों और आपत्तियों पर भी विचार करे, तो इस प्रक्रिया को पूरा होने में लगभग 80 दिन लगेंगे। बता दें कि पश्चिम बंगाल के लिए एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को मतदाताओं की ओर से दायर दावों और आपत्तियों के सत्यापन के लिए वरिष्ठ और कनिष्ठ डिविजन के कम से कम तीन साल के अनुभव वाले दीवानी न्यायाधीशों को तैनात करने की अनुमति दे दी। उसने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वह झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से स्थिति से निपटने के लिए समान रैंक के न्यायिक अधिकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध करें। पीठ ने कहा कि अगर कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की राय है कि और अधिक मानव संसाधन की जरूरत है, तो वह झारखंड और उड़ीसा के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से समान रैंक के सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसने कहा कि झारखंड और ओडिशा दोनों ही कभी बंगाल का हिस्सा थे और वहां के लोग पश्चिम बंगाल की भाषा से वाकिफ हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि न्यायिक अधिकारियों की यात्रा, मानदेय और तैनाती संबंधी अन्य खर्च निर्वाचन आयोग वहन करेगा। इसने झारखंड और उड़ीसा उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और तत्काल विचार करने को कहा। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में शामिल न्यायिक अधिकारी दावों और आपत्तियों का सत्यापन पश्चिम बंगाल में एसआईआर की शुरुआत की घोषणा करने वाली 24 अक्टूबर 2025 की अधिसूचना में उल्लिखित दस्तावेजों और इस अदालत की ओर से आठ सितंबर 2025 को पारित आदेश (जिसके तहत आधार कार्ड को स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी) तथा 19 जनवरी 2026 को पारित आदेश (जिसके तहत माध्यमिक परीक्षा (कक्षा 10) के प्रवेश पत्र एवं माध्यमिक परीक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण पत्र भी पेश करने की अनुमति दी गई थी) के आधार पर करेंगे। इसने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि 14 फरवरी 2026 की अंतिम तिथि तक या उससे पहले इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक रूप से पेश किए गए सभी दस्तावेजों पर विचार किया जाएगा। पीठ ने कहा कि जिन दस्तावेजों का जिक्र किया गया है, उनके संबंध में न्यायिक अधिकारियों को संतुष्ट करना मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) की जिम्मेदारी होगी। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दे दी। इसने स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया में प्रगति के आधार पर आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उच्चतम न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए निर्देश दिया कि पूरक मतदाता सूचियों में शामिल मतदाता निर्वाचन आयोग की ओर से 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगे।

## सेवा तीर्थ में कैबिनेट की पहली बैठक में 12,236 करोड़ की परियोजनाओं को हरी झंडी

- रेलवे के 3 प्रोजेक्ट मंजूर
- कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी



**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने रेलवे के तीन बड़े मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इनमें जबलपुर से गोंदिया लाइन का दोहरीकरण, पुनरख से किऊल तीसरी और चौथी लाइन तथा गमारिया से चांडेल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। पीएमओ के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में कुल 12,236 करोड़ रुपये के फैसले लिए गए। वैष्णव ने बताया कि रेलवे के तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स पर 9,072 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 5,407 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी।' कैबिनेट ने साथ ही श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में सिविल इंक्लेव के विकास को भी मंजूरी दे दी है। इस पर कुल 1,677 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। अहमदाबाद में गिफ्ट सिटी से शाहपुर मेट्रो एक्सटेंशन को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने पावरग्रिड की इक्विटी निवेश सीमा को प्रति सब्सिडियरी 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये करने का फैसला किया है। वैष्णव ने बताया कि नए पीएमओ भवन सेवा तीर्थ में आयोजित मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 140 करोड़ लोगों के हित में सभी निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। नए पीएमओ भवन की कार्य संस्कृति में यह ध्यान रखा जाएगा कि प्रत्येक नीति संविधान के मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप हो। मंत्रिमंडल के प्रस्ताव में कहा गया कि हमारे लिए संवैधानिक मूल्य नैतिक प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है जो शासन को गरिमा, समानता और न्याय से जोड़ती है।

### सरकार ने 2026-27 के सत्र के लिए कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दे दी। नया न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को देशभर में औसत उत्पादन लागत से 61.8 प्रतिशत अधिक लाभ मिलेगा।

### आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

**मुंबई :** कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।

### यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 27 फरवरी की

**नयी दिल्ली :** सिविल सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तीन दिन बढ़ाकर 27 फरवरी कर दी गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूपीएससी ने यह फैसला आवेदन जमा करने के लिए पेश पोर्टल पर उम्मीदवारों द्वारा कुछ समय के लिए अनुभव की गई तकनीकी गड़बड़ियों की खबरों के बीच आया है, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। आयोग ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, ''सिविल सेवा परीक्षा-2026 और भारतीय वन सेवा परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि अब तीन दिन बढ़ा दी गई है, यानी 27 फरवरी 2026 शाम छह बजे तक आवेदन जमा किये जा सकेंगे।''

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों को 583 करोड़ रुपये लौटाए

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों के खातों में मूलधन एवं ब्याज समेत पूरी राशि जमा करा दी है जो कुल मिलाकर 583 करोड़ रुपये है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, मामले की जांच जारी होने के बावजूद बैंक ने हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों द्वारा दावा की गई मूलधन और ब्याज की समूची राशि का भुगतान कर दिया है, जो शुद्ध रूप से 583 करोड़ रुपये है। बैंक ने कहा कि वह कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और राज्य सरकार के विभागों के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा और अपनी देनदारियों की वसूली के लिए प्रयासरत रहेगा। बैंक ने चंडीगढ़ की एक शाखा में हरियाणा सरकार से जुड़े कुछ खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का रविवार को खुलासा किया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मामले पर विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मामले में करीब 556 करोड़ रुपये की राशि वापस हासिल कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा, लगभग 22 करोड़ रुपये के ब्याज समेत करीब 556 करोड़ रुपये 24 घंटे के भीतर ही वापस आ गए।

## अंडमान: हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में समुद्र में उतारा गया

### पायलट सहित सभी यात्री सुरक्षित




**श्री विजयपुरम :** उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवनहंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह आपात स्थिति में समुद्र में उतारना पड़ा और उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सभी सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा कार्यक्रम के अनुसार हेलीकॉप्टर को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मायाबंदर हेलीपैड पर उतरना था, लेकिन उसे वहां से 300 मीटर की दूरी पर समुद्र में उतारना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर के उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद, सुबह करीब साढ़े नौ बजे यह घटना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि बीच समुद्र से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागर विमानन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर को सुबह करीब 9:30 बजे समुद्र में उतारना पड़ा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कुछ तकनीकी खराबी थी, जिसके कारण पायलट ने आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा। उन्होंने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज करेंगी जैन मानस स्तंभ का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज समाज की एकता और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में हिस्सा लेंगी। भवानीपुर के रे स्ट्रीट पर स्थापित जैन मानस स्तंभ का आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उद्घाटन करेंगी। यह कार्यक्रम जीतो कोलकाता चैप्टर एवं सकल जैन समाज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में कोलकाता के मेयर और कैबिनेट मंत्री फिरहाद हकीम, केएमसी की चेयरपर्सन एवं सांसद माला रॉय, राज्यसभा सांसद सुब्रत बक्शी, पार्षद असिम बसु सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व गणमान्य उपस्थित रहेंगे। यह स्तंभ स्थानीय जैन समुदाय की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना जाता है और आज के उद्घाटन से उम्मीद है कि शहर में धार्मिक सद्भाव और सामाजिक समरसता को और मजबूत किया जाएगा।

### जैसे ही स्थिति अधिक स्पष्ट होगी, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता शुरू करेंगे: गोयल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि जैसे ही अमेरिका में शुल्क के मोर्चे पर स्थिति और स्पष्ट होगी, भारत व्यापार वार्ता फिर से शुरू करेगा। अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता दोबारा शुरू होने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जैसे ही स्थिति में अधिक स्पष्टता आएगी, हम बातचीत शुरू करेंगे।'' उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने 22 फरवरी को अपने मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया था। यह बैठक इस सप्ताह वाशिंगटन में होनी थी, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाना था। पड़ोसी देशों, विशेषकर चीन से निवेश आकर्षित करने के लिए 'प्रेस नोट 3' के तहत लगाए गए प्रतिबंधों में ढील देने के सवाल पर गोयल ने कहा कि मंत्रालय इस मुद्दे पर उद्योग जगत के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार उन पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक जुड़ाव को आसान बना सकती है, जिनके साथ संबंधों में अब सुधार हुआ है। गोयल ने 'बिजनेस स्टैंडर्ड मंथन' कार्यक्रम में कहा, प्रेस नोट 3 को भारतीय उद्योगों और व्यवसायों को अवसरवादी अधिग्रहण से बचाने के लिए लाया गया था।

## कोलकाता समेत बंगाल के छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, न्यायिक कार्य हुई बाधित

### तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जांच जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के न्यायिक गलियारों में मंगलवार को उस समय भारी हड़कंप मच गया जब कोलकाता समेत राज्य के कई जिलों की अदालतों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अज्ञात प्रेषक द्वारा भेजे गए इस उग्र संदेश में दावा किया गया था कि अदालत परिसरों में 'आरडीएक्स' विस्फोटक रखा गया है और दोपहर तक सब कुछ उड़ा दिया जाएगा। इस सनसनीखेज धमकी के बाद कोलकाता नगर सत्र न्यायालय, आसनसोल, दुर्गापुर, चुंचुड़ा और मुर्शिदाबाद जिला अदालतों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते ने मोर्चा संभालते हुए संबंधित परिसरों को खाली कराया और डाग स्काड की मदद से सघन तलाशी अभियान शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य प्रशासन तुरंत हरकत में आया। अदालत सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे पश्चिम बर्दवान जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवप्रसाद नाथ को एक ईमेल मिला, जिसमें दोपहर 1 बजे धमाका करने की चेतावनी दी गई थी। उस समय अदालत में एक जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही थी, जिसे तुरंत रोकना पड़ा। हुगली के चुंचुड़ा कोर्ट में भी इसी तरह के मेल से हड़कंप मचा, जिसके बाद चंदननगर पुलिस आयुक्तालय की स्पेशल ब्रांच ने मेटल डिटेक्टरों के साथ पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

## क्या 'नोटा' प्रावधान के कारण चुनावों में 'उत्कृष्ट' नेताओं का चुनाव हुआ: न्यायालय ने पूछा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पूछा कि क्या विधानसभा और आम चुनावों में नोटा विकल्प के प्रावधान से ''निर्वाचित नेताओं की उत्कृष्टता'' में सुधार हुआ है। इसने कहा कि इससे एक सीट भी नहीं भरी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के एक प्रावधान को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह कहा गया कि संबंधित प्रावधान मतदाताओं को एकमात्र उम्मीदवार के मामले में 'नोटा' विकल्प चुनने से रोकता है। याचिका में एकल उम्मीदवार वाले चुनावों सहित सभी चुनावों में 'नोटा' विकल्प को अनिवार्य बनाने का अनुरोध किया गया है। पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ के मामले से संबंधित ऐतिहासिक फैसले में जारी निर्देश के मद्देनजर 2013 में 'नोटा' (उपर्युक्त में से कोई नहीं) को पेश किया गया था। मंगलवार को संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति बागची ने पूछा, ''क्या नोटा के लागू होने से निर्वाचित नेताओं की उत्कृष्टता में सुधार हुआ है?'' न्यायाधीश ने कहा कि नोटा एक व्यक्ति नहीं बन सकता क्योंकि अधिकतम वोट मिलने के बावजूद यह एक भी सीट नहीं भर सकता। पीठ ने यह भी कहा कि चुनावों में मतदान को अनिवार्य बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अच्छे उम्मीदवार जीतें।

## झारखंड एयर एम्बुलेंस हादसा : मारे गए सभी सातों लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए

### दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए की जा रही हैं जांच




**रांची :** झारखंड के चतरा जिले में सिमरिया के पास हुए एयर एम्बुलेंस हादसे में मारे गए सात लोगों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद, मंगलवार को उनके परिजनों को सौंप दिये गए। रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बीचक्राफ्ट सी90 एयर एम्बुलेंस रांची से दिल्ली जा रही थी, तभी सोमवार शाम को यह सिमरिया के बरियातु पंचायत क्षेत्र में जंगल के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो पायलटों सहित विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। शवों का पोस्टमार्टम चतरा के सदर अस्पताल में किया गया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिये गए।'' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि विमान ने रांची हवाई अड्डे से शाम 7.11 बजे उड़ान भरी और लगभग 7.30 बजे लापता हो गया। उन्होंने बताया कि उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद विमान का वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क टूट गया। रांची हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि खराब मौसम दुर्घटना का एक संभावित कारण हो सकता है। हालांकि, सटीक कारण विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएगा। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान कैप्टन विकास भगत, कैप्टन सवराजदीप सिंह, संजय कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, सचिन कुमार मिश्रा, अर्चना देवी और धुरु कुमार के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि जब शवों को उनके परिजनों को सौंपे गए तो उस समय महौल गमगीन हो गया। कई परिजन अपनी भावनाओं पर काबू नहीं पा सके और बिलख-विलख कर रोने लगे जबकि कुछ को इस घटना का विश्वास ही नहीं हो रहा था।

### विमान में कोई खराबी नहीं थी

झारखंड में एयर एंबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए इसकी संचालक कंपनी रेडबर्ड एयरवेज ने मंगलवार को दावा किया कि विमान में कोई खराबी नहीं थी और उड़ान का संचालन करने वाले पायलट अनुभवी थे। रेडबर्ड एयरवेज की उड़ान सुरक्षा की प्रमुख कैप्टन मोहिंदर कौर ने मंगलवार को 'पीटीआई ' को बताया, ''हम भी बेहद दुखी हैं। परिवार सदमे में हैं। हम खुद भी इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं, क्योंकि हम किसी की जान बचाने गए थे।''कैप्टन कौर ने कहा, ''...विमान में कोई खराबी नहीं थी। दोनों पायलट सक्षम और अनुभवी थे।''

### डीजीसीए गैर-निर्धारित उड़ानों के संचालकों के लिए सुरक्षा नियमों को सख्त करेगा

**नयी दिल्ली :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गैर-निर्धारित उड़ानों के संचालकों (एनएसओपी) के लिए मंगलवार को कई सुरक्षा उपायों की घोषणा की, जिनमें विमानों के रखरखाव का इतिहास सार्वजनिक किया जाना और एक सुरक्षा रैंकिंग तंत्र का विकास शामिल है। डीजीसीए ने हाल-फिलहाल में विमान हादसों की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर यह कदम उठाया। विमानन नियमक ने गैर-निर्धारित उड़ानों का संचालन करने वाली एक कंपनी की एयर एंबुलेंस के सोमवार को झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद ऐसे सभी संचालकों के साथ बैठक की।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 नामक विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के तहत विचार व्यक्त करने के लिए केरल राज्य विधानसभा को भेजेंगी।

### केरल की विरासत को उसकी संपूर्ण प्रामाणिकता के साथ प्रदर्शित करेगा 'केरलम': अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने से राज्य की विरासत अपनी पूरी प्रामाणिकता के साथ प्रदर्शित होगी और उसका गौरव बरकरार रहेगा। उन्होंने कहा, केरलम की जनता को हार्दिक बधाई।

### 'बंगाल को क्यों किया गया वंचित?', केरल का नाम बदलने पर ममता ने मोदी सरकार को घेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह राज्य के आधिकारिक नाम को बदलकर 'बांग्ला' करने के लिए उनकी सरकार द्वारा बार-बार किए गए अनुरोधों पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दक्षिणी राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी माकपा और भाजपा के बीच गठबंधन ने केरल को नया नाम दिलाने में मदद की। इस दिन, मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि केरल का नाम इसलिए बदला गया है, क्योंकि भाजपा और माकपा के बीच गठबंधन मजबूत हो रहा है। आज के बाद यह गठबंधन गुप्त नहीं रह गया है। बंगाल को हमेशा अभाव का सामना क्यों करना पड़ेगा? एक दिन आप (भाजपा) सत्ता में नहीं रहेंगे। हम नाम बदलवा देंगे। केरल को नया नाम 'केरलम' मिलने पर ममता ने राज्य की जनता को बधाई दी। उन्होंने बयान में कहा कि संबंधित राज्य सरकारों से ऐसे प्रस्तावों को समर्थन मिलने के बाद कई राज्यों के नाम बदल दिए जाते हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल के मामले में ऐसा नहीं हुआ है।

# शर्मसार करता है पूर्वोत्तर के लोगों से दुर्व्यवहार

यह कोई नई बात नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी कद-काठी व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को 'हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र' बताया था। लेकिन अफसोस की बात यह है कि बार-बार भारत के इस विशिष्टता वाले पूर्वोत्तर को तरह-तरह से लांछित किया जाता रहा है। विडंबना है कि इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते रहे हैं। कुछ समय पूर्व देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दो महीने से भी कम समय बाद, दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को उनके पड़ोसियों ने कुत्सित शब्द 'धंधेवाली' से संबोधित किया और मोमो बेचने को कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उन्हें अपने ही देश में, और वह भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में बेगाना करार दे दिया गया। विडंबना यह है कि यह अभद्रता किसी झगड़े या आवेश की प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि यह पहचान और जातीयता पर लक्षित हमला था। इस घटनाक्रम के बाद एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर धर्म, जाति व जन्मस्थान आदि के आधार पर कटुता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। निस्संदेह, इस दंपति के आपत्तिजनक व्यवहार ने एक गहरे जख्म को ही उजागर किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को सिरे से खारिज करने वाली सोच है। साल 2014 में नीदो तानिया की हत्या से लेकर 2025 में अंजेल चकमा की हत्या तक, यह दुराग्रहों का सिलसिला साफ नजर आता है। अक्सर आरोप लगाये जाते रहे हैं कि पूर्वोत्तर के छात्रों व श्रमिकों को उनकी शारीरिक बनावट, खान-पान और भाषा के आधार पर निशाना बनाया जाता है।

यह विडंबना ही है कि कुछ संकीर्ण लोग भारत की समृद्ध विविधता की विरासत का मर्म नहीं पहचानते हैं। किसी राज्य की भौगोलिक स्थिति, जलवायु व सदियों से चली आ रही संस्कृति हमारे रूप-रंग-भाषा व व्यवहार का निर्धारण करती है। कोस-कोस पर भाषा-पानी बदलने वाले देश की यह विविधता इसकी खूबसूरती भी है। इसके मर्म का सम्मान करना व अंगीकार करना हर भारतीय का दायित्व भी है। पर्वतीय इलाकों का परिवेश व जलवायु व्यक्ति के सरल, सहज, सौम्य व्यवहार व कद-काठी का भी निर्धारण करती है। पूर्वोत्तर समाज में स्त्री प्रधान पारिवारिक व्यवस्था तथा सार्वजनिक जीवन में उसकी महती भूमिका को शेष देश के लोगों द्वारा संशय से देखा जाता है। फलत: परस्पर विश्वास की इस सामाजिक व्यवस्था में स्त्री की भूमिका को लेकर नकारात्मक धारणाएं गढ़ ली जाती हैं। यही वजह है कि पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा आरोप लगाया जाता कि उनकी महिलाओं को शक की नजर से देखा जाता है और उन पर बिना किसी आधार के अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप तक लगाए जाते हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी क्षेत्रीय पहचान को लेकर किए जाने वाले किसी भेदभाव के प्रति अक्सर चेताया है। निस्संदेह, कालांतर में पैदा होने वाली नस्लीय शत्रुता इस घटनाक्रम का ही एक घिनौना रूप है। हाल ही के दिल्ली प्रकरण में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष है सामाजिक श्रेष्ठता का दावा करना, किसी बड़े राजनेता से संबंध होने का रौब दिखाना और दूसरे को कमतर मान कथित 'औकात' के नाम पर उपहास करना। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि यह विशेषाधिकार जताने की भावना और गलत धारणा दर्शाती है कि कुछ भारतीय खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ मानने का भ्रम पाले हुए हैं। दिल्ली की घटना की तीन पीड़ितों के वकील, जो सिक्किम से आते हैं, ने दो टूक शब्दों में कहा है- 'हम भी उतने ही भारतीय हैं, जितने कोई और।' निर्विवाद रूप से प्रत्येक भारतीय को देश में कहीं भी गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। शासन-प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित करना कि किसी भी नागरिक को इस अधिकार से वंचित न किया जा सके, सही मायनों में भारत में बहुलवाद की वास्तविक परीक्षा भी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 फरवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष नवमी, 26:42 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 13:37 तक, योग : विष्कंभ, 25:29 तक, सूर्योदय: 06:03, सूर्यास्त: 17:38, चन्द्रोदय : 11:23, चन्द्रास्त: 00:35, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 11:49 से 13:15

## राशिफल

**मेष :** आपके ग्यारहवें घर में पांच ग्रहों की युति आपको एक विजनरी लीडर के रूप में स्थापित करेगी, जबकि चंद्रमा का गोचर आपके आइडियाज को धरातल से उभारने में मदद करेगा।

**वृष :** आपके दसवें घर (कर्म भाव) में पांच ग्रहों का जमावड़ा ऑफिस में आपकी पहचान बढ़ाएगा, जबकि आपकी अपनी राशि में उच्च के चंद्रमा आपकी निर्णय लेने की क्षमता को सटीक मोड़ देगा।

**मिथुन :** नौवें घर में ग्रहों की युति विदेशी प्रोजेक्ट्स या हायर लर्निंग से लाभ दिलाएगी, जबकि बारहवें घर के चंद्रमा बैक-एंड ऑपरेशंस को मजबूत करने का सुझाव देते हैं।

**कर्क :** आठवें घर में ग्रहों का जमावड़ा जटिल समस्याओं को सुलझाने और रिसर्च वर्क के लिए सबसे अच्छा है, जबकि ग्यारहवें घर का चंद्रमा सहकर्मियों का सहयोग सुनिश्चित करेगा।

**सिंह :** सातवें घर में पांच ग्रहों की युति बिजनेस में नई एग्रीमेंट्स ला सकती है, जबकि दसवें घर के चंद्रमा आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में एक भरोसेमंद चेहरा देगा।

**कन्या :** छठे घर में ग्रहों का जमावड़ा कॉम्पिटिटर्स पर आपकी जीत सुनिश्चित करेगा, जबकि नौवें घर के चंद्रमा आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए भाग्य का साथ दिलाएंगे।

**तुला :** शेयर मार्केट में बड़े रिस्क से बचें। पांचवें घर के ग्रह आपको नए आइडियाज देंगे, जबकि आठवें घर के चंद्रमा सुझाव देते हैं कि आप छिपे हुए रुकावट पर गहराई से काम करें।

**वृश्चिक :** चौथे घर के ग्रह रियल एस्टेट या इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कामों में कामयाबी देंगे, जबकि सातवें घर के चंद्रमा आपकी पब्लिक डील और प्रोफेशनल नेटवर्क्स को मजबूत करेंगे।

**धनु :** तीसरे घर में ग्रहों की युति मार्केटिंग और सेल्स में ब्रेक लगवा सकती है, जबकि छठे घर के चंद्रमा आपको हर काम को परफेक्शन के साथ पूरा करने की हिम्मत देंगे।

**मकर :** दूसरे घर के ग्रह आपको एक 'फाइनेंशियल आर्किटेक्ट' बनाएंगे, जबकि पांचवें घर के चंद्रमा आपकी क्रिएटिविटी को प्रोफेशनल पहचान दिलाएंगे।

**कुम्भ :** पहले घर में पांच ग्रहों की युति आपको लाइमलाइट में लाएगी, जबकि चौथे घर के चंद्रमा आपको इमोशनल स्टेबिलिटी देंगे जिससे आप वर्कस्पेस में बेहतर परफॉर्म कर पाएंगे।

**मीन :** बारहवें घर के ग्रह अंतरराष्ट्रीय संबंधों या पर्दे के पीछे के कामों में सफलता देंगे, जबकि तीसरे घर के चंद्रमा आपकी कम्युनिकेशन और टीम हैंडलिंग को बेहतर बनाएंगे।

# सिंगापुर में मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू : मुख्यमंत्री




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ सिंगापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सिंगापुर में लगभग एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से 60 हजार करोड़ रुपये के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' द्वारा संपन्न किए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को उत्तर प्रदेश में हो रही प्रत्येक गतिविधि की जानकारी है और यही कारण है कि कम समय में ही राज्य को इतना बड़ा निवेश प्राप्त हुआ है मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर व जापान की यात्रा पर आया है। सिंगापुर पहुंचने के बाद सुबह साढ़े आठ बजे से देर रात तक लगातार बैठकें चलीं और दूसरे दिन भी सुबह से ही कार्यक्रम जारी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दिन में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रमुख फिनटेक कंपनियों के चेयरपर्सन व मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बैठकें की गईं। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां पहले से भारत और उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित हो रहे गंगा एक्सप्रेसवे में भी कुछ कंपनियों ने पहले से निवेश किया है।

# बिहार : विपक्ष के हंगामे पर भड़के नीतीश, चौकीदार-दफादार मुद्दे पर सदन में नोकझोंक



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर नाराजगी जताई। हालांकि बोलते समय उनके शब्द बीच-बीच में थोड़े उलझे, लेकिन उन्होंने अपना तेवर बनाए रखा। मुख्यमंत्री के प्रतिकार के बाद विपक्षी विधायक सदन में आसन के समक्ष आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मुख्यमंत्री ने कहा, बेकार की बातें मत कीजिए। मैं आप सबकी बातें बैठकर सुनता रहता हूं। क्या यही तरीका है? आप लोगों की संख्या कितनी कम हो गई है। आपके साथ कितने लोग हैं? हम 202 हैं। आपके साथ कितने हैं? चुपचाप बैठ जाइए। उनका आशय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 202 विधायकों से था। विपक्षी सदस्य शांत नहीं हुए और अपनी-अपनी सीटों से नारेबाजी करने लगे, जिस पर मुख्यमंत्री का धैर्य खत्म हो गया। उन्होंने कहा, आप लोग जो कर रहे हैं वह ठीक नहीं है। क्या आपकी सरकार ने कभी कोई काम किया? आप लोगों ने कुछ नहीं किया। हमने सब कुछ किया। हमारी सरकार ने इतना काम किया, इतना अच्छा काम किया। पहले शाम के बाद कोई घर से निकलने की हिम्मत नहीं करता था। इस बीच विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे।

## अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया



**प्रयागराज/वाराणसी (उप्र):** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है। प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था।

## राजस्थान: खाटू श्याम मेले में 'सेल्फी प्रतियोगिता' का आयोजन, श्रेष्ठ 100 सेल्फी होगी सम्मानित



**जयपुर:** राजस्थान के सीकर जिले में प्रमुख तीर्थ स्थल खाटू धाम में जारी फागुन मेले में पुलिस की ओर से 'श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु पुलिस की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं व सहयोग के क्षणों को कैमरे में रिकॉर्ड कर साझा कर सकेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीकर के पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, महिला सहायता, चिकित्सा समन्वय और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 'श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता' के तहत कोई भी श्रद्धालु मेले में पुलिस की बेहतर व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा की गई मदद या पुलिस-प्रशासन के इंतजामों से मिली राहत एवं सुविधा से जुड़े कोई भी क्षण को अपनी सेल्फी के साथ सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है।


## आरेडिका का हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और प्रयास



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए परिसर में कुल 1050 किलोवाट क्षमता का बाइफेशियल रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किया। यह सोलर संयंत्र सुपरवाइजर विश्रामगृह, तकनीकी प्रशिक्षण छात्रावास, केंद्रीय विद्यालय, वर्कर कैंटीन, गंधमादन अधिकारी विश्रामगृह और चिकित्सालय सहित विभिन्न भवनों की छतों पर लगाया गया है। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल ने बताया कि इसके साथ आरेडिका की कुल सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 5.13 मेगावाट हो गई है। यह संयंत्र सीधे ग्रिड से जुड़ा है और इससे हर वर्ष लाखों रुपये की बचत होगी तथा 4-5 वर्षों में लागत की भरपाई हो जाएगी। बाइफेशियल सोलर पैनल सामने और पीछे दोनों ओर से सूर्य प्रकाश लेकर 10-30 प्रतिशत अधिक बिजली उत्पादन करते हैं। प्रत्येक पैनल 600 वाट क्षमता का है। इसी दिन आरेडिका चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी सुविधाओं का भी विस्तार किया गया। नई अत्याधुनिक मशीनों से रेलकर्मियों और उनके परिजनों को बेहतर उपचार उपलब्ध होगा। पीसीएमओ डॉ. आभा जैन ने इसे चिकित्सा सेवाओं में महत्वपूर्ण उन्नयन बताया।

# अमित शाह बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर

**■ सीमांचल में घुसपैठ पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे**



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को बिहार के संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। इस दौरान वह सीमा पर घुसपैठ और कथित अवैध धार्मिक ढांचों के कारण राज्य के सीमांचल क्षेत्र में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। शाह तीनों दिन सीमावर्ती क्षेत्रों में डेरा डालेंगे। इस दौरान वह सात सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों (एसपी) और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। सीमांचल में बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया सहित कई उत्तर-पूर्वी जिले शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि शाह के क्षेत्र में घुसपैठ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन के मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करने तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति और सीमा प्रबंधन का जायजा लेने का कार्यक्रम है। अधिकारियों के मुताबिक, बैठक के दौरान गृह मंत्री सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्मित अवैध धार्मिक ढांचों और स्थानीय अधिकारियों की ओर से उन घुसपैठियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट तलब कर सकते हैं, जो कथित तौर पर क्षेत्र की जनसांख्यिकी बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से जनसांख्यिकीय पैटर्न, सुरक्षा संबंधी चिंताओं और प्रवर्तन कार्रवाइयों का आकलन पेश करने के लिए भी कहा जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, गृह मंत्री सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी चर्चा करेंगे, जो नेपाल और भूटान के साथ लगने वाली लगभग 2,400 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाला केंद्रीय बल है।

## भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह समेत दो लोगों के खिलाफ गैर जमानती वारंट और कुर्की का आदेश



**सोनभद्र (उप्र):** सोनभद्र जिले की एक अदालत ने लगभग 22 माह पूर्व नवरात्रि के अवसर पर देवी जागरण के कार्यक्रम की 'एडवांस बुकिंग' के बावजूद कार्यक्रम नहीं करने तथा बुकिंग का पैसा वापस मांगने पर जातिसूचक अपशब्द कहने और धमकी देने के आरोप में भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह के खिलाफ मंगलवार को गैर जमानती वारंट और कुर्की का आदेश जारी किया। अदालत ने मामले में संबंधित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट और कुर्की का आदेश जारी किया।

# पिता की हत्या कर शव के टुकड़े करने के आरोपी बेटे को पुलिस रिमांड में भेजा गया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पिता की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने, शव के टुकड़े करने और धड़ को ड्रम में छिपाने के लिए 21 साल के एक युवक को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) जितेंद्र कुमार दुबे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आरोपी अक्षत सिंह से पूछताछ की जा रही है। दुबे ने बताया, प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि अक्षत ने पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बार-बार कहने और नीट पास करने को लेकर दबाव डालने की वजह से अपने पिता की हत्या की। हालांकि पूछताछ जारी है और मामले की जांच जारी है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) विक्रांत वीर ने बताया कि अक्षत ने 20 फरवरी को तड़के करीब साढ़े चार बजे अपने पिता मानवेंद्र सिंह (50) की आपसी विवाद के बाद कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी।

## झारखंड विधानसभा में 1.58 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश, सामाजिक क्षेत्र को 67,460 करोड़ रुपये आवंटित


**रांची :** झारखंड सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। सामाजिक न्याय और समावेशी विकास पर जोर देते हुए सामाजिक क्षेत्र के लिए 67,459.54 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाली सरकार का यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया था।राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में बजट पेश करते हुए कहा, मैं वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का बजट सदन के पटल पर रखता हूं। 'अबुआ दिशोम' बजट राज्य के गरीबों, किसानों, आदिवासियों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।उन्होंने बताया कि सामान्य क्षेत्र के लिए 32,055.83 करोड़ रुपये और आर्थिक क्षेत्र के लिए 59,044.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं के लिए 'महिला खुशहाली योजना' शुरू की जाएगी, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान है। साथ ही अगले वित्त वर्ष में 100 नए 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' खोले जाएंगे।वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार पर पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य को केंद्रीय करों में 5,000 करोड़ रुपये और अनुदान सहायता में 11,000 करोड़ रुपये नहीं मिले। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोयला आपूर्ति के बदले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की 1.36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि लंबित है।बजट में 1.20 लाख करोड़ रुपये राजस्व व्यय तथा 37,708 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव है। राज्य को अपने कर राजस्व से 46,000 करोड़ रुपये और गैर-कर राजस्व से 20,700 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है।

# मेरठ : घर में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत, शॉर्ट सर्किट का संदेह



**मेरठ (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक मकान में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मेरठ) अविनाश पांडे ने सिविल अस्पताल में संवाददाताओं को बताया कि घटना किदवई नगर इलाके में रात करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि इकबाल अहमद के आवास पर आग लगने की सूचना रात आठ बजकर 49 मिनट पर मिली, जिसके बाद पुलिस एवं दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पांडे ने कहा, ''तीन मिनट के भीतर, डायल 112 पुलिस प्रतिक्रिया वाहन मौके पर पहुंच गया और उसके तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां भेजी गईं।'' पुलिस के मुताबिक, घर में सिलाई का काम होता था और बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे जिससे आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। उन्होंने कहा कि इलाके में संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में चुनौती पेश आती है इसलिए अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल की गईं नयी मोटरसाइकिलों को भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी ने भी फंसे लोगों को निकालने में मदद के लिए सीढ़ी लगाकर बचाव प्रयासों में सहायता की। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर प्रथम तल पर फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दूसरे तल पर फंसे लोग धुएं और लपटों में घिर गए। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को पहुंचने में दिक्कत हुई। बाद में दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया और सभी गंभीर रुप से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है और विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रुखसार (25), महबीश (12), हम्माद (चार), अकदस (चार), नबिया (चार माह) और इनायत (चार माह) के रूप में की गई है, जो किदवई नगर में सुराही वाली मस्जिद के पास गली नंबर तीन के निवासी थे।

## वर्ग पहेली नं. 3362



*बायें से दायें:-* 1) भिन्न, 3) फ़लाना, 6) भीड़, 8) अंदर, 9) बुज़दिल, 10) नयनपट, 12) पुत्र का मामा, 13) स्वामीभक्ति, 15) एक मिठाई, 17) लता, 18) खाद्य सामग्री, 20) रोटी बेलने का दस्ता, 22) एक तिलहन, 23) सिखों के चौथे गुरु, 25) पूरा एक और उसका चौथाई, 26) बारिश; मूत्र, 27) मान लेना, 29) संदेश भेजना, 30) वेग.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ज़्यादा से ज़्यादा, 2) समयघोष, 3) स्थिर, 4) किसी दिन, 5) ऊपरी (दृष्टि), 7) गोलमाल, 11) निवाला, 12) आदरपूर्वक, 14) शामिल, 16) बेफ़िक्र, 17) श्वासरुद्ध, 19) तारीफ़, 20) चने का आटा, 21) फिर से शुरू होनेवाला (साल), 22) रुक-रुककर होनेवाली पीड़ा, 24) कन्याभर्ता, 26) सुखाया हुआ फल, 28) उपलक्ष्य में.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ला | म | त | ■ | अ | जू | बा | ■ | अ |
| रा | ■ | ह | र | जा | ना | ■ | जा | पा | न |
| स | ब | ल | ■ | त | र | ह | ■ | ■ | ब |
| र | द | ■ | अं | क | ■ | ता | न | से | न |
| ■ | क़ि | स्म | त | ■ | छ | ह | ■ | ह | ■ |
| क़िस्म | ■ | ■ | का | ज़ी | ■ | त | ना | त | नी |
| ■ | त | मि | ल | ■ | भू | ■ | भि | ■ | ति |
| ठी | ■ | सा | ■ | बै | सा | खी | ■ | ■ | ही |
| क | म | ल | ना | ल | ■ | सा | दा | प | न |

## सुडोकू-पहेली-3320

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 2 | | | 9 | 7 | |
| | | 7 | | 9 | 8 | | | 4 |
| 3 | | | | | | | | |
| | 7 | | | 5 | | 3 | | |
| | | | | | | | 8 | 1 |
| | | 2 | 7 | | | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 1 | 6 | | 4 | |
| 4 | 5 | | | | 3 | | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3319 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 | 7 | 1 |

# ‘न्यायाधीशों की सुरक्षा के लिए राज्य प्रतिबद्ध’

## अदालतों को उड़ाने की धमकी पर मुख्य सचिव ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा**




राज्य के विभिन्न अदालतों को विस्फोट की धमकी मिलने के बाद मंगलवार की दोपहर राज्य सचिवालय नवान्न में उच्चस्तरीय बैठक के पश्चात मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने न्यायाधीशों और आम जनता की सुरक्षा का पूरा आश्वासन देते हुए कहा कि न्यायिक कार्य और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे न्यायाधीशों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने और यह निर्धारित करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि इसमें कोई एक व्यक्ति शामिल है या फिर कोई समूह। यह पूछे जाने पर कि क्या ईमेल की भाषा एक जैसी थी, क्या उसे समान शैली में लिखा गया था और क्या उसे भेजने वाला व्यक्ति एक ही था, चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी जांच एजेंसियां इन सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस का साइबर अपराध प्रकोष्ठ राज्य पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से सर्वर और डोमेन का पता लगाने के काम में पहले ही जुट गया है। एसआईआर अभ्यास से जुड़े फर्जी कॉल के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्य सचिव ने कहा कि जांच के दौरान निश्चित तौर पर उस पहलू और अन्य पहलुओं पर भी गौर किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार ने स्पष्ट किया कि पुलिस की साइबर सेल इन ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। हालांकि, घंटों चली तलाशी के बाद भी अब तक किसी भी अदालत परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, जिससे प्राथमिक तौर पर इसे दहशत फैलाने की एक शरारतपूर्ण कोशिश माना जा रहा है। फिलहाल, पुलिस और खुफिया एजेंसियां इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही हैं ताकि दोषियों को पकड़ा जा सके।

# सीईओ दफ्तर के बाहर भारी हंगामा, शुभेंदु पर जूता फेंकने का आरोप

**❑ भाजपा और तृणमूल समर्थक बीएलओ में हिंसक झड़प**



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में मंगलवार को चुनावी सरगर्मियों के बीच उस वक्त हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी पहुंचे। आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष पर उस समय जूता फेंका गया, जब वे चुनाव आयोग के अधिकारियों से मिलने के गाड़ी से उतर कर जा रहे थे। इस घटना के बाद भाजपा और तृणमूल कांग्रेस समर्थित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के बीच हिंसक झड़प की स्थिति पैदा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, शाम को शुभेंदु अधिकारी कुछ गंभीर शिकायतों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से मिलने गए थे। जैसे ही वे कार्यालय परिसर में दाखिल हुए, अज्ञात लोगों ने उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और उन पर जूता उछाल दिया। इस घटना से आक्रोशित भाजपा समर्थक बीएलओ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन करने लगे। समर्थकों का आरोप था कि हमलावर के सामने पुलिस मूकदर्शक बनी रही और हंसती रही। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच धक्का-मुक्की और गाली-गलौज शुरू हो गई, जिसे नियंत्रित करने में पुलिस के पसीने छूट गए।

**❑ नेता प्रतिपक्ष ने मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत की**

घटना के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि वे दो जिलों के जिलाधिकारियों द्वारा मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जुड़वाने के दबाव के खिलाफ ऑडियो सबूत सौंपने आए थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि नदिया जिले के एडीएम ने सुनवाई के आखिरी दिन घुसपैठियों के नाम सूची में शामिल करने के लिए दबाव डाला था। फिलहाल, इलाके में तनाव बरकरार है और भारी पुलिस बल तैनात है।

# विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग सख्त, केंद्रीय बलों को निष्क्रिय न रखने का दिया आदेश

**❑ केंद्रीय बल राज्य प्रशासन से समन्वय करेंगे, जीपीएस से होंगे लैस**

**❑ कुल 480 केंद्रीय कंपनियां विधानसभा चुनाव में होंगी तैनात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने बंगाल प्रशासन से साफ शब्दों में कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के समय केंद्रीय बलों को बिठाकर रखा नहीं जा सकेगा। मालूम हो कि बंगाल में चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की भूमिका को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। केंद्रीय बलों को 'निष्क्रिय' रखे जाने के आरोप लगे हैं। इसे देखते हुए आयोग ने बंगाल प्रशासन को सुनिश्चित करने को कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय बल के जवान एक जगह बैठे न रहें। आयोग सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय बल राज्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके काम करेंगे। केंद्रीय बलों के वाहन जीपीएस से लैस होंगे। पता चला है कि आगामी एक मार्च को बंगाल में केंद्रीय बलों की 240 कंपनियां पहुंचेंगी। 10 मार्च को और 240 कंपनियां आएंगी। 480 कंपनियों में सीआरपीएफ की 230,




बीएसएफ की 120, सीआईएसएफ की 37, आईटीबीपी की 47 व एसएसबी की 46 कंपनियां शामिल रहेंगी। चुनाव आयोग का मानना है कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पहले से सुरक्षा तंत्र मजबूत होना जरूरी है। इसलिए मतदान की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों को मैदान में उतारा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इन कंपनियों की वापसी की सूचना बाद में दी जाएगी। आयोग का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### राज्य पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों की जल्द पहचान करने का निर्देश

आयोग ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया है कि वह जल्द से जल्द संवेदनशील इलाकों की पहचान करे। आयोग चाहता है कि यह काम मार्च के दूसरे सप्ताह तक पूरा हो जाए। इन इलाकों की पहचान के आधार पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की योजना बनाई जाएगी। चुनाव से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोग ने राज्य पुलिस से कहा है कि वह संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों की सूची जल्द तैयार करे। इन इलाकों में पिछले चुनावों में हिंसा या तनाव की घटनाएं सामने आई थीं। इन्हीं क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की अधिक तैनाती की जाएगी। केंद्रीय पर्यवेक्षकों को भी इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी का जिम्मा दिया गया है। उन्हें रोजाना रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजनी होगी।

# अब मृत सरकारी कर्मचारियों की विवाहित बेटियों को भी मिलेगी ग्रेच्युटी

**❑ चुनाव से पहले ममता सरकार का बड़ा ऐलान**

**❑ लंबित मामलों पर नए सिरे से विचार किया जाएगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार ने मृत सरकारी कर्मचारियों की विवाहित बेटियों को भी ग्रेच्युटी देने का फैसला किया है। वित्त विभाग के पेंशन विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। अब तक सरकारी नियमों में परिवार की परिभाषा में विवाहित और तलाकशुदा बेटियों को शामिल नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप, कई मामलों में इस मुद्दे पर कानूनी पेचीदगियां पैदा हुईं। सोमवार को जारी सरकारी अधिसूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राज्यपाल



ने संविधान के अनुच्छेद 309 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पश्चिम बंगाल सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1971 के नियम 7 के कुछ उप-नियमों में संशोधन किया है। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य मृत्यु ग्रेच्युटी के मामले में लाभार्थी के रूप में परिवार की परिभाषा को और अधिक विस्तृत और अद्यतन करना है। अब से परिवार का अर्थ होगा- मृतक पुरुष कर्मचारी की पत्नी, महिला कर्मचारी का पति, पुत्र (सौतेले पुत्रों सहित), अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा पुत्रियां, (सौतेली पुत्रियों सहित), 18 वर्ष से कम आयु के भाई, अविवाहित या विधवा बहनें, मृतक कर्मचारी के पिता, मृतक कर्मचारी की माता, विवाहित पुत्रियां। अधिसूचना के अंत में एक अत्यंत महत्वपूर्ण विशेष सूचना दी गई है, जिससे कई परिवारों की लंबे समय से चली आ रही कानूनी उलझनों को सुलझाने में मदद मिलेगी। इसमें बताया गया है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु इस नए नियम के लागू होने से पहले हो जाती है और उसकी तलाकशुदा या विवाहित बेटियों की ग्रेच्युटी के लिए कोई आवेदन या दावा लंबित है, तो संबंधित प्रशासनिक विभाग इस नई अधिसूचना के आलोक में उन मामलों पर नए सिरे से विचार कर सकेगा और उनका निपटारा कर सकेगा। राज्य सचिवालय सूत्रों के अनुसार, राज्य के सभी संबंधित प्रशासनिक विभागों को इन दिशानिर्देशों को तुरंत लागू करने के लिए सूचित कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए, राज्य सरकारी कर्मचारी संघ ने कहा कि मृत राज्य सरकारी कर्मचारियों की विवाहित और तलाकशुदा बेटियों को राज्य सरकार के इस अनुकंपाकारी निर्णय से लाभ होगा।

### दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश से मिली राहत, सप्ताहांत में तापमान में वृद्धि होगी

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण बंगाल के कई इलाकों में लगभग तीन महीने बाद मंगलवार की सुबह हल्की बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के एक अधिकारी के अनुसार, कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में आखिरी बार नवंबर में बारिश हुई थी जबकि पुरुलिया जैसे कुछ पश्चिमी जिलों में दिसंबर की शुरुआत में हल्की बूंदाबांदी हुई थी। आईएमडी ने बताया कि अगले सात दिनों तक राज्य भर में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। आईएमडी ने यह भी बताया कि राज्य के सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सप्ताहांत के दौरान दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में सबसे अधिक 19 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जबकि हावड़ा जिले के उलुबेरिया में 14.8 मिमी बारिश हुई। कोलकाता में सुबह 5.9 मिमी बारिश हुई और दोपहर में मौसम सुहाना व धूप खिली।

### तृणमूल ने झारखंड में एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की ‘पारदर्शी’ जांच की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पड़ोसी राज्य झारखंड में एयर एम्बुलेंस दुर्घटना मामले की ‘गहन और पारदर्शी जांच’ की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि झारखंड के चतरा जिले में एक एयर एम्बुलेंस का दुर्घटनाग्रस्त होना और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत होना अत्यंत दुखद है। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। पार्टी ने कहा कि हम अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए गहन और पारदर्शी जांच की जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

### शिक्षक भर्ती मामला : बिभास अधिकारी को ईडी ने किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्राथमिक विद्यालय शिक्षक भर्ती मामले में बिभास अधिकारी को तलब किया है। बता दें कि बिभास अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य के करीबी सहयोगी हैं, जिन्हें प्राथमिक स्तर पर शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ-साथ ईडी भी शिक्षक भर्ती मामले की जांच कर रही है। इससे पहले ईडी और सीबीआई दोनों ने बीरभूम जिले के नलहाटी सहित बिभास अधिकारी के कई ठिकानों पर तलाशी ली थी। सीबीआई ने भी बिभास अधिकारी को कई बार तलब किया था। अदालत में भर्ती मामले में बिभास के खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल कर दिया गया है। इस बार, ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है।



न्यूज ब्रीफ

## आस्था, भक्ति भावना से मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालु भाव विभोर

❑ रामस्नेही यूनीमार्क वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा

**कोलकाता :** रामस्नेही यूनीमार्क वेलफेयर एसोसिएशन स्थित मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा का उद्घाटन बाल व्यास श्री श्रीकान्त शर्मा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। बाल व्यास जी ने मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने आशीर्वचन में भक्तों के जीवन में सुख – शान्ति की शुभकामना दी तथा सामाजिक सेवाकार्य एवम् गौमाता की सेवा करने की प्रेरणा दी। विद्वान पंडितों द्वारा 5 दिवसीय पूजन में भक्ति भावना से आयोजित समारोह में पूजन, महाभिषेक, आरती में श्रद्धालु भक्त सपरिवार शामिल हुए तथा पूजा – अर्चना की। मन्दिर में शिव परिवार, राधा – कृष्ण, देवी दुर्गा, श्री हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। भजन गायकों तथा भजन मंडलियों ने भजनों की अमृत वर्षा से भाव विभोर किया।

## सैमसंग जल्द लॉन्च करेगा नई प्राइवेसी लेयर, गैलेक्सी यूजर्स को मिलेगा एडवांस सुरक्षा कवच

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने मोबाइल यूजर्स की बढ़ती गोपनीयता चिंताओं को देखते हुए एक नई प्राइवेसी लेयर लाने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, यह फीचर खास तौर पर 'शोल्डर सर्फिंग' जैसी समस्याओं से बचाने के लिए विकसित किया गया है, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर फोन इस्तेमाल करते समय निजी जानकारी सुरक्षित रहे। आज के दौर में बस, मेट्रो या लिफ्ट जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्मार्टफोन का उपयोग आम है, लेकिन इससे निजी संदेश, पासवर्ड और नोटिफिकेशन दूसरों की नजर में आ सकते हैं। नई प्राइवेसी लेयर यूजर्स को यह तय करने की सुविधा देगी कि वे किन ऐप्स या फीचर्स के लिए अतिरिक्त सुरक्षा चाहते हैं। विजिबिलिटी कंट्रोल और कस्टम सेटिंग्स के जरिए नोटिफिकेशन पॉप-अप तक को सुरक्षित किया जा सकेगा। कंपनी ने बताया कि इस तकनीक को विकसित करने में पांच साल से अधिक का समय लगा। यह फीचर सैमसंग नॉक्स सुरक्षा प्लेटफॉर्म की मजबूत नींव पर आधारित है और जल्द ही गैलेक्सी डिवाइस में उपलब्ध होगा।

## ऐतिहासिक क्षण: दार्जिलिंग का पहला युवा प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दौरे पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहाड़ी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत दार्जिलिंग से 20 सदस्यीय पहला युवा प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दौरे पर रवाना हो रहा है। यह पहल सांसद हर्ष वर्धन श्रृंगला के नेतृत्व में साकार हुई है। इस तरह राष्ट्रीय राजधानी में संस्थागत और नेतृत्व प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए भेजा गया यह दार्जिलिंग का पहला संगठित युवा दल है। दौरे का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रमुख संवैधानिक संस्थाओं के कार्यप्रणाली से अवगत कराना और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। प्रतिनिधिमंडल संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का दौरा करेगा। साथ ही भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों से संवाद का अवसर भी मिलेगा। श्री श्रृंगला ने कहा कि यह पहल युवाओं के आत्मविश्वास और दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगी तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

## डानकुनी और पटना के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा डानकुनी और पटना के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। रेलवे नियमित ट्रेनों के अलावा यह स्पेशल ट्रेन चला रही है, जिसके संचालन से 3900 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। 03035 डानकुनी-पटना होली स्पेशल 27 फरवरी और 4 मार्च को डानकुनी से रात 00:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 14:45 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं, 03036 पटना-डानकुनी होली स्पेशल 27 फरवरी और 4 मार्च को पटना से 16:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 07:00 बजे दनकुनी पहुंचेगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह और झाझा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान तथा वातानुकूलित कोच उपलब्ध रहेंगे।

# न्यायालय निर्देशित एसआईआर बैठक में पूर्व मुख्य सचिव अनधिकृत रूप से मौजूद थे : सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के पूर्व मुख्य सचिव मनोज पंत सहित कई लोग अनधिकृत रूप से शामिल हुए थे। भाजपा नेता ने इस मामले की जांच और मनोज पंत की गिरफ्तारी की मांग की। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि 21 फरवरी को हुई बैठक के दौरान राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश की गई। मजूमदार ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ बैठक उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष रूप से एसआईआर प्रक्रिया को लागू करने के तौर-तरीकों पर निर्णय लेने के लिए आयोजित की गई थी, और इसमें केवल नामित अधिकारियों को ही उपस्थित होने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ)को, निर्वाचन आयोग के एक अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और महाधिवक्ता तथा अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की उपस्थिति में, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को 21 फरवरी को बैठक करने का निर्देश दिया गया था ताकि एसआईआर पर आगे की रणनीति पर चर्चा की जा सके। मजूमदार ने कहा कि आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि एसआईआर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बैठक में कौन-कौन उपस्थित होने के लिए अधिकृत था। इसके बावजूद, मुझे जानकारी मिली है कि मनोज पंत उपस्थित थे। वे किस हैसियत से उपस्थित थे? वे अब मुख्य सचिव नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में पंत की उपस्थिति को 'पूरी तरह से अवैध' बताते हुए राज्य सरकार पर उच्चतम न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन करने और एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कार्यवाही को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय को कथित उल्लंघन की जांच का आदेश देना चाहिए और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति की भागीदारी को आपराधिक कृत्य माननाचाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट सूची के बाहर का कोई भी व्यक्ति बैठक में शामिल हुआ, तो यह अदालत के आदेश का सीधा उल्लंघन है। मनोज पंत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

## ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन चुनाव: पूर्व कमेटी पर हाईकोर्ट का भरोसा, दो विशेष अधिकारी नियुक्त



**कोलकाता :** राज्य की ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन (टैब) के चुनाव को लेकर दायर मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अहम निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पूर्ववर्ती कमेटी पर भरोसा जताते हुए चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आदेश दिया है।

अदालत ने ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ बंगाल की कार्यकारिणी समिति के चुनाव के संचालन के लिए दो वकीलों को संयुक्त विशेष अधिकारी नियुक्त किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 31 मार्च 2025 को जो कमेटी जिम्मेदारी में थी, वही चुनाव के लिए आवश्यक प्रशासनिक और प्रक्रियागत सहयोग प्रदान करेगी।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि 2023 में निर्वाचित कमेटी का कार्यकाल 2025 में समाप्त होना था। आरोप है कि तत्कालीन सचिव ने संगठन के नियमों के अनुसार चुनाव की अधिसूचना जारी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद गत वर्ष 25 अक्टूबर को आयोजित वार्षिक आम सभा में 89 वैध सदस्यों की उपस्थिति में एक नई कमेटी का चुनाव किया गया।

हालांकि, संगठन के दो सदस्यों ने सिटी सिविल कोर्ट में मामला दायर कर नव-निर्वाचित कमेटी पर पदाधिकारी के रूप में कार्य करने पर रोक लगवा दी। इसी आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि केवल वे सदस्य ही मतदान में भाग ले सकेंगे जो 31 मार्च 2025 को वैध सदस्य थे। साथ ही, पूरी चुनाव प्रक्रिया 10 मई 2026 तक हर हाल में पूरी करने का आदेश दिया गया है।

अदालत के इस फैसले से एसोसिएशन में जारी गतिरोध समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मां फ्लाईओवर पर सेना का वाहन पलटा, दो जवान घायल

❑ ट्रक पलटने से फ्लाईओवर पर लंबा जाम लगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के मां फ्लाईओवर पर मंगलवार की सुबह बारिश के कारण फिसलन भरी सड़क पर सेना का एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि वाहन विपरीत दिशा की लेन में घुसने के बाद रेलिंग से टकराया और पलट गया। घटना के समय वाहन में तीन सैनिक सवार थे। इनमें से दो को चोटें आई हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पलटे वाहन से जवानों को बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस सूत्रों के अनुसार, वाहन साइंस सिटी से पार्क सर्कस की ओर जा रहा था, तभी अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन डिवाइडर पार कर फ्लाइओवर की दूसरी लेन में चला गया। बता दें कि मंगलवार के तड़के से शहर में हल्की से मध्यम वर्षा हो रही थी, जिससे सड़कें गीली और फिसलनभरी हो गई थीं। आशंका है कि इसी कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। पुलिस यह जांच कर रही है कि दुर्घटना केवल फिसलन के कारण हुई या इसमें किसी अन्य वाहन की भी भूमिका रही। सेना ने भी दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए अलग से जांच शुरू की है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए फ्लाइओवर पर यातायात बाधित रहा तथा आसपास की सड़कों पर भी असर पड़ा। बाद में, यातायात पुलिस ने वाहन को हटाकर आवागमन सामान्य कर दिया।

## राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने सीएसटीएआरआई कोलकाता की एकेडेमिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर पहल की समीक्षा की

**कोलकाता :** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने आज सेंट्रल स्टाफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसटीएआरआई), कोलकाता का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में चल रहे एकेडेमिक सुधारों, पाठ्यक्रम विकास पहलों तथा इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार योजनाओं की समीक्षा की।

इस दौरे के दौरान, मंत्री ने क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम, अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम और क्राफ्ट्स इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम जैसी अलग-अलग फ्लैगशिप योजनाओं के तहत इंडस्ट्री के हिसाब से और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाए गए करिकुलम को मज़बूत करने में सीएसटीएआरआई के कार्यों का विस्तृत आकलन किया। संस्थान ने इन योजनाओं के अंतर्गत बड़ी संख्या में कोर्स डेवलप और अपडेट किए हैं और एनसीवीईटी से मंज़ूरी लेकर कई प्रोग्राम को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क लेवल के साथ जोड़ा है।

फैकल्टी के सदस्यों, अधिकारियों और ट्रेनीज़ को संबोधित करते हुए, जयन्त चौधरी ने कहा: सीएसटीएआरआई कोलकाता करिकुलम डिज़ाइन, ट्रेनर डेवलपमेंट और रिसर्च-लेड इंटरवेंशन्स को मज़बूत करके भारत के स्किल इकोसिस्टम की इंस्टीट्यूशनल कैपेसिटी को बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## अमृत भारत परियोजना से बदलेगी बोलपुर-शांतिनिकेतन स्टेशन की तस्वीर



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीरभूम जिले का ऐतिहासिक नगर बोलपुर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत व्यापक आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर है। लाल मिट्टी, बाउल परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध यह नगर अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने जा रहा है। केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से बोलपुर-शांतिनिकेतन स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। स्टेशन भवन को शांतिनिकेतन की स्थापत्य शैली में पुनर्विकसित किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, व्हीलचेयर-अनुकूल टिकट काउंटर तथा टैक्टाइल पथ बनाए जा रहे हैं। आधुनिक फुट ओवरब्रिज, हाई-स्पीड वाई-फाई, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, सीसीटीवी निगरानी, स्वच्छ शौचालय, आरओ पेयजल सुविधा और ईवी चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था भी की जा रही है।

2023 में यूनेस्को द्वारा शांतिनिकेतन और विश्व भारती युनिवर्सिटी को विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। प्रस्तावित पर्यटन सहायता केंद्र और 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना स्थानीय कारीगरों और व्यापार को प्रोत्साहन देगी। यह परियोजना स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित और सांस्कृतिक पहचान से युक्त प्रमुख शहर केंद्र के रूप में विकसित करेगी, जिससे पूरे बीरभूम जिले की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर बदलने की उम्मीद है।

## साइबर ठगी मामले में सात गिरफ्तार, 19.51 लाख रुपये की ठगी का खुलासा



**कोलकाता :** साइबर क्राइम शाखा (डिटेक्टिव डिपार्टमेंट) ने मोबाइल में दुर्भावनापूर्ण एपीके फाइल इंस्टॉल कर 19.51 लाख रुपये की ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सर्वे पार्क थाने के केस के तहत की गई।

जांच के दौरान डिजिटल साक्ष्य और धन के लेन-देन की पड़ताल से एक गिरोह का पता चला। पहले चरण में सोडेपुर (बीकेपी पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र) में छापेमारी कर चार आरोपियों-अरिंदम दास (21), सौविक बेपारी (23), सायन राजबंशी (21) और अर्पण दास (27)-को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चार मोबाइल फोन, बैंक दस्तावेज, दस सक्रिय सिम कार्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। आरोप है कि ये लोग साइबर ठगों को बैंक खातों की जानकारी और सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे।

गिरफ्तार आरोपियों के बयान और डिजिटल ट्रेल के आधार पर आगे की जांच में एंटाली थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो और आरोपियों-दिलदार अंसारी (33) और अनीश सरकार (21)-को 24 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:50 बजे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने इनके पास से 12 मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, चार चेकबुक, 8 लाख रुपये नकद, एक टाटा हैरियर कार (दस्तावेज सहित), दो कलाई घड़ियां, सोने के रंग की चेन व आभूषण बरामद किए हैं।

जांच में खुलासा हुआ है कि अनीश सरकार बैंक खातों की जानकारी और उनसे जुड़े मोबाइल सिम कार्ड इकट्ठा कर दिलदार अंसारी को सौंपता था। दिलदार अंसारी झारखंड स्थित साइबर ठगी गिरोह से जुड़ा बताया जा रहा है। वह विभिन्न मोबाइल उपकरणों के जरिए खातों का संचालन कर लोगों से ठगी की रकम निकालता था। ठगी की रकम कभी नकद निकाली जाती थी, तो कभी सोना और अन्य कीमती सामान खरीदने में इस्तेमाल की जाती थी।

सभी आरोपियों को अलीपुर स्थित एसीजेएम अदालत में पेश किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में बड़े आपराधिक षड्यंत्र की जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का सीएसटीएआरआई कोलकाता दौरा

❑ नए ऑडिटोरियम का शिलान्यास



**कोलकाता, समाज्ञा :** कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मंगलवार को कोलकाता स्थित सेंट्रल स्टाफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसटीएआरआई) का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में संचालित कौशल विकास एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। दौरे के दौरान मंत्री ने प्रशिक्षण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक नए ऑडिटोरियम का शिलान्यास किया। श्री चौधरी ने युवाओं से कौशल विकास कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने और देश की प्रगति में सार्थक योगदान देने का आह्वान किया। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया। प्रशिक्षुओं ने उनसे मुलाकात पर उत्साह और प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर मंत्री ने सीएसटीएआरआई परिसर में एक पौधा भी लगाया, जो सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दौरा देशभर में संस्थागत अवसंरचना को मजबूत करने तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के प्रति भारत सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# शेयर बाजार में निवेश करके बड़ा मुनाफ़ा कमाने का लालच देकर बुज़ुर्ग से 2.13 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** शेयर बाजार में निवेश करके बड़ा मुनाफ़ा कमाने का लालच देकर एक बुज़ुर्ग से 2 करोड़ रुपये से ज़्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस ने हावड़ा के डोमजुड़ से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मोहम्मद अमन आलम (46) है। बताया गया है कि न्यूटाउन के गौरांगनगर निवासी 63 वर्षीय बुज़ुर्ग ने गत 4 फरवरी को बिधाननगर साइबर क्राइम ब्रांच में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि दो लोगों ने उनसे व्हाट्सएप पर ट्रेडिंग अकाउंट खोलने और शेयर बाज़ार में निवेश करने के लिए संपर्क किया। व्हाट्सएप पर ट्रेडिंग ऐप पर स्टॉक खरीदने-बेचने, पैसे जमा करने और निकालने समेत लेन-देन की सारी जानकारी दी गई। व्हाट्सएप ग्रुप में अलग-अलग समय पर अलग-अलग शेयर खरीदने के लिए आवेदन किए जाते थे। जालसाजों ने दावा किया कि उनके अकाउंट सेबी से मंज़ूर हैं। इसके बाद, जालसाजों ने धीरे-धीरे उनका भरोसा जीत लिया। उसके बाद, पीड़ित ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट में 2.13 करोड़ रुपये जमा कर दिए। 17 दिसंबर 2025 से इस साल 27 जनवरी तक उन्होंने कई चरणों में 2 करोड़ रुपये से ज़्यादा निवेश किए। इसके बाद, पैसे निकालने की कोशिश में बुज़ुर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जालसाज अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे वापस नहीं कर रहे थे। इस पर, उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। इसके बाद, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने हावड़ा के डोमजुड़ थाना इलाके से मोहम्मद अमन आलम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को बिधान-नगर कोर्ट में पेश किया और 10 दिन की पुलिस कस्टडी के लिए अर्जी दी।

न्यूज अपडेट

## कोलकाता पुलिस ने महिलाओं के लिए आयोजित किया 'तेजस्विनी' कार्यशाला



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने मंगलवार की सुबह महिलाओं के लिए 'तेजस्विनी' कार्यशाला का आयोजन किया। पुलिस एथलेटिक क्लब में कोलकाता पुलिस की पहल पर आयोजित कार्यशाला में महिलाओं को आत्मसुरक्षा और सेफ्टी की ट्रेनिंग दी गई। यह कार्यशाला पहले भी आयोजित की गई थी, जिसकी बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली थी। 'तेजस्विनी' कार्यशाला के बारे में कोलकाता पुलिस कमिश्नर सुप्रतिम सरकार ने कहा कि यह कार्यशाला इसलिए आयोजित की गई, क्योंकि कुछ लोग सड़क पर या कहीं भी महिलाओं को परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे हालात में, महिलाओं को अक्सर सेल्फ-डिफेंस कला का इस्तेमाल कर अपनी सुरक्षा करना नहीं आता और कभी-कभी वे खुद को बेबस महसूस करती हैं।

## 86 किलो वजन वाले मरीज का जटिल हिप ऑपरेशन सफल

**कोलकाता :** 86 किलो वजन वाले एक 12 साल के लड़के की स्लिप्ड कैपिटल फेमोरल एपिफेसिस (एससीएफई) के सफल उपचार किया गया। एससीएफई, एक ऐसी कंडीशन है जिसमें फीमर का बॉल अपनी जगह से खिसक जाता है, यह आमतौर पर 8 से 15 साल के बच्चों को होता है और बचपन के मोटापे से इसका गहरा संबंध है। इस बात को समझते हुए, डॉ. पाईक ने एक मुश्किल सर्जरी की ताकि जगह बदली जा सके और जोड़ को स्थिर किया जा सके। यह प्रोसीजर, जिसे फिसलन की गंभीरता और बच्चे के वज़न की वजह से ज़्यादा जोखिम वाला माना जाता था, सफलतापूर्वक पूरा हो गया। आठ महीने बाद, मरीज़ फिर से आराम से चल-फिर रहा है – इस रिकवरी को डॉक्टर चमत्कार से कम नहीं कह रहे हैं। डॉ. पाईक ने कहा, यह मामला दिखाता है कि जल्दी इलाज कितना ज़रूरी है। समय पर डायग्नोसिस और इलाज से, बच्चे पूरी तरह से चलने-फिरने में सक्षम हो सकते हैं और ज़िंदगी भर की दिक्कतों से बच सकते हैं।

## मोरेपेन को 825 करोड़ का वैश्विक सौदा प्राप्त हुआ

**गुरुग्राम/कोलकाता :** मोरेपेन लेबोरेटरीज लिमिटेड (एनएसई: मोरेपेनलैब; बीएसई: 500288) ने एक अग्रणी वैश्विक फार्मा कंपनी से लगभग 825 करोड़ (यूएसडी 91 मिलियन) का बहुवर्षीय कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गना-इजेशन (सीडीएमओ) ऑर्डर हासिल किया है। सुशील सूरी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, ने कहायह ऑर्डर मोरेपेन के मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमारे क्वालिटी सिस्टम, रेगुलेटरी ट्रैक रिकॉर्ड एवं कार्यान्वयन क्षमताओं पर वैश्विक ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है। कुशल सूरी, प्रेसिडेंट – इंटरनेशनल ग्रोथ (एपीआई), ने कहाग्राहकों का इस स्तर का भरोसा कंपनी की रेगुलेटेड मार्केट की अपेक्षाओं के अनुसार योग्यता हासिल करने, कार्यान्वयन करने और डिलीवरी देने की सिद्ध क्षमता को दर्शाता है।

## कोलकाता में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स सीजन 4 का धमाकेदार आगाज



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'लिविंग इट लार्ज' की सोच का जश्न मनाते हुए रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के चौथे संस्करण का भव्य आगाज 21 फरवरी को एक्वाटिका ग्राउंड, कोलकाता में हुआ। चार शहरों के टूर की शुरुआत करते हुए इस मंच ने बॉलीवुड और हिप-हॉप को इमर्सिव आर्ट, कल्चर और गेमिंग अनुभवों के साथ एक साथ प्रस्तुत किया। ओपनिंग नाइट में अरमान मल्लिक, फॉसिल्स, डिनो जेम्स, पायल धारे और साहिल गुलाटी ने यादगार प्रस्तुतियां दीं। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में गेमिंग फेस-ऑफ, हाई-एनर्जी रैप और रॉक परफॉर्मेंस ने माहौल को जोश से भर दिया। मल्टी-सेंसरी सेटअप, इंटरएक्टिव जोन और शानदार लाइट-साउंड प्रोडक्शन ने इसे सिर्फ संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव बना दिया। कोलकाता के बाद यह कारवां 7 मार्च को विजाग, 21 मार्च को मुंबई और 28 मार्च को मोहाली पहुंचेगा।

## होली पर यात्रियों को बड़ी राहत, कोलकाता-लालकुआं के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोलकाता और लालकुआं के बीच विशेष ट्रेनों के संचालन किया जा रहा है। इन स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से कुल 7100 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे त्योहार के दौरान यात्रियों को सुगम यात्रा की सुविधा मिल सके। 05060 लालकुआं-कोलकाता स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 5 मार्च से 26 मार्च 2026 तक (कुल चार फेरे) लालकुआं से दोपहर 13:35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 23:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल प्रत्येक शनिवार को 7 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक (कुल चार फेरे) कोलकाता से सुबह 05:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 15:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान तथा वातानुकूलित कोच उपलब्ध रहेंगे। 25 फरवरी से पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से बुकिंग शुरू होगी।

## मार्स ने मनीष स्याग को भारत के अपने पेट न्यूट्रिशन व्यवसाय के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया

**कोलकाता :** मार्स इनकॉरपोरेटेड ने भारत में अपने पेट न्यूट्रिशन विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर मनीष स्याग को नियुक्त करने की घोषणा की। मनीष स्याग देश के कुछ सबसे भरोसेमंद और जाने-माने पेट फूड ब्रांड्स जैसे पेडिग्रीएँ, व्हिस्कसएँ, शेबाएँ आदि व्यवसाय का नेतृत्व करेंगे। अपनी नियुक्ति के बारे में बात करते हुए, मनीष स्याग ने कहा, भारत में पेट फूड बाजार के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण समय है। अगले दस सालों में यह बाजार 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है। जैसे एफएमसीजी क्षेत्र ने शुरुआती समय में विकास किया था, वैसे ही यह क्षेत्र भी उपलब्धता, ग्राहकों की जागरूकता और ब्रांड पर भरोसे से बढ़ेगा।

## एसएससी: विधानसभा चुनाव से पहले 11वीं-12वीं के शिक्षकों को सिफारिश पत्र वितरण शुरू, पहले चरण में 172 अभ्यर्थी



**कोलकाता :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले 11वीं और 12वीं कक्षा के शिक्षक पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सिफारिश पत्र (रिकमेंडेशन लेटर) देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार से इस प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हुई। पहले चरण में 172 अभ्यर्थियों को सिफारिश पत्र दिया जा रहा है।

मेधा सूची प्रकाशित होने के लगभग एक महीने बाद काउंसलिंग प्रक्रिया आरंभ की गई है। विषयवार और श्रेणीवार रिक्तियों की सूची राज्य सरकार से प्राप्त होने के बाद पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने काउंसलिंग शुरू की है। लंबे इंतजार के बाद सिफारिश पत्र मिलने से अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया।

सूत्रों के अनुसार, मार्च के पहले सप्ताह के भीतर नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। आयोग पहले ही अंतिम मेधा सूची और वेटिंग लिस्ट मिलाकर करीब 18 हजार अभ्यर्थियों के नाम प्रकाशित कर चुका है।

एसएससी अधिकारियों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि चयनित अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द विद्यालयों में नियुक्ति मिल सके।

# ‘आधार पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं’

## राज्य में फर्जी आधार जारी होने की जांच से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वह आधार कार्ड के बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े या दुरुपयोग के दावों की जांच करने के लिए उचित न्यायिक मंच नहीं है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के प्रणालीगत दुरुपयोग का समाधान केंद्र सरकार के वैधानिक और प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की पीठ पश्चिम बंगाल राज्य में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणियां कीं। यह कानूनी मुद्दा तब उठा जब भाजपा के सदस्य और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने राज्य की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में आधार कार्ड की स्वीकार्यता और उपयोग के संबंध में स्पष्टीकरण मांगते हुए अदालत का रुख किया। सुनवाई के दौरान, अधिवक्ता उपाध्याय ने आरोप लगाया कि राज्य में बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से दावा किया कि मतदाता सूची में हेरफेर करने के उद्देश्य से रोहिंग्याओं को ये कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन आरोपों की तथ्यात्मक जांच शुरू करने से इनकार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह के बड़े पैमाने पर प्रणालीगत मुद्दों के लिए न्यायिक हस्तक्षेप के बजाय विधायी और वैधानिक उपायों की आवश्यकता होती है। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने याचिकाकर्ता को सलाह दी कि उचित कानूनी रास्ता यह होगा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम सहित प्रासंगिक कानूनों में संशोधन के लिए भारत सरकार के समक्ष एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जाए। पहचान और नागरिकता के बीच सख्त कानूनी लकीर खींचते हुए जस्टिस बागची ने टिप्पणी की कि यदि औद्योगिक पैमाने पर फर्जी तरीके से आधार प्राप्त किया जा रहा है, तो इसे वैधानिक रूप से विनियमित किया जाना चाहिए। आधार को पहचान प्रमाण के रूप में कार्य करने वाले दस्तावेज़ के तौर पर लाया गया था और हमें इसे स्वीकार करना होगा। आधार पर नागरिकता पर चर्चा का कोई सवाल ही नहीं है। इस रुख से सहमति जताते हुए, सीजेआई सूर्यकांत ने दोहराया कि न्यायपालिका ऐसे दावों के लिए आवश्यक व्यापक तथ्य-खोज करने के लिए उपयुक्त मंच नहीं है। सीजेआई ने टिप्पणी की कि इसके लिए गहन जांच की आवश्यकता है और अदालत इसके लिए कोई मंच नहीं है।

## एसआईआर को लेकर राज्य सरकार पर भाजपा का तीखा हमला, ‘नो एसआईआर, नो वोट’ की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राज्य सरकार और प्रशासन पर भाजपा ने कड़ा प्रहार किया है। भाजपा नेता शमिक भट्टाचार्य ने मंगलवार को कोलकाता में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है, जबकि देश के अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो चुकी है। शमिक भट्टाचार्य ने बताया कि राज्य के अलावा देश के 11 अन्य राज्यों में भी एसआईआर शुरू किया गया था, जिनमें से 10 राज्यों में यह कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि केरल और तमिलनाडु जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों में भी बिना किसी विरोध के एसआईआर संपन्न हुआ। लेकिन, पश्चिम बंगाल



ही एकमात्र राज्य है जहां हिंसा, अवरोध, भय दिखाने और प्रशासनिक पक्षपात के आरोप सामने आ रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में एसआईआर को लेकर जानबूझकर अशांति का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद न्यायाधीशों की निगरानी में एसआईआर कराए जाने की स्थिति राज्य प्रशासन की अक्षमता और विश्वसनीयता की कमी को उजागर करती है। शमिक भट्टाचार्य का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं और बीएलए-2 के नाम पर फॉर्म-7 दाखिल किए जा रहे हैं, ताकि मतदाता सूची में हेरफेर किया जा सके। उन्होंने पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि नो एसआईआर, नो वोट। उन्होंने जोर देकर कहा कि त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। इसी के तहत उन्होंने चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेश कुमार से राज्य का दौरा कर जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने की मांग की। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि यदि एसआईआर प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा नहीं किया गया, तो पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## तिलजला में व्यक्तिगत विवाद के कारण युवक पर गोलीबारी, आरोपी फरार

**कोलकाता, समाज्ञा**

आपसी विवाद झगड़े में बदल गया और इसी वजह से देर रात कोलकाता के बेनियापुकुर के तिलजला में गोलीबारी हुई। आरोप है कि युवक पर पांच से छह राउंड गोलियां चलाई गईं। उसे रात में लहूलुहान हालत में एसएसकेएम ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि घायल युवक का नाम मोहम्मद नियाज है। आरोप है कि सोमवार की शाम मोहम्मद सलमान का नियाज से किसी बात पर झगड़ा हुआ था। एक समय यह विवाद हद पार कर गई। तब स्थानीय लोगों ने मामले को सुलझाने के लिए बीच-बचाव किया। इसे कुछ समय के लिए सुलझा भी लिया गया। आरोप है कि इसके बाद, सलमान ने देर रात नियाज को उसके घर से बुलाया और वहां उस पर लगातार 5 से 6 राउंड गोलियां चलाई गईं। नियाज लहूलुहान हालत में गिर गया। जैसे ही स्थानीय लोगों ने देखा, उन्होंने युवक को बचाया और अस्पताल ले गए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सलमान अपराध जगत से जुड़ा है। उसके खिलाफ चोरी, डकैती, जबरन वसूली जैसे कई आरोप हैं। हालांकि, यह अभी भी साफ नहीं है कि नियाज के साथ उसकी असल में क्या बहस हुई थी। पुलिस ने बताया है कि जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी सलमान की तलाश जारी है।

## ऑनलाइन सस्ते कपड़ों के नाम पर ठगी, 80 रुपये की जींस के झांसे में 50 हजार की चपत

**हावड़ा, समाज्ञा :** ऑनलाइन सस्ते दामों पर कपड़े बेचने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। 1500 रुपये की जींस मात्र 80 रुपये और 1000 रुपये की टी-शर्ट 50 रुपये में देने का दावा कर एक व्यवसायी से करीब 50 हजार रुपये ठग लिए गए। पीड़ित मध्य प्रदेश के विजय दुबे हैं, जो यूट्यूब पर वीडियो देखकर हावड़ा पहुंचे थे। पीड़ित के मुताबिक, यूट्यूब पर अपलोड एक वीडियो में बेहद कम कीमत पर जींस, पैंट और महिलाओं के महंगे परिधान उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। आरोप है कि हावड़ा के टिकियापाड़ा निवासी मिराज खान ने यह वीडियो बनाया था। विजय दुबे जबलपुर-हावड़ा हमसफर एक्सप्रेस से सांतरागाछी पहुंचे और हावड़ा के एक होटल में ठहरे। अगले दिन आरोपी उन्हें बाइक



से विभिन्न बाजारों में ले गया, जहां सस्ते कपड़े दिखाकर विश्वास दिलाया गया।

इसके बाद, आरोपी ने लगभग 50 हजार रुपये नगद लेकर कपड़ों की बुकिंग की और डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त 2 हजार रुपये भी वसूले। पीड़ित के सामने ही सामान पैक कर भेजने की बात कही गई, लेकिन बाद में कोई डिलीवरी नहीं हुई। संपर्क करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत हावड़ा साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच में जुटी है, जबकि आरोपी फरार बताया जा रहा है।

## अलीमुद्दीन में नौशाद-बिमान बैठक, बुधवार को वाम-आईएसएफ गठबंधन पर अंतिम मुहर संभव

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर वाम दलों और आईएसएफ के बीच गठबंधन की कवायद तेज हो गई है। मंगलवार को अलीमुद्दीन स्ट्रीट स्थित वाम मुख्यालय में बिमान बोस और मोहम्मद सलीम के साथ आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी की बैठक हुई। बैठक के बाद संकेत मिले कि दोनों दलों के बीच गठबंधन लगभग तय है, हालांकि सीट बंटवारे को लेकर अंतिम सहमति बननी बाकी है।

सूत्रों के अनुसार, आईएसएफ 45 से कम सीटों पर समझौता नहीं करना चाहती, जबकि माकपा करीब 30 सीटें देने के पक्ष में है। सीटों की संख्या को लेकर जारी बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को फिर बैठक होगी।

बैठक के बाद नौशाद सिद्दीकी ने





कहा कि दो घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई और कुछ सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने बताया कि सभी मुद्दों पर अंतिम निर्णय के बाद औपचारिक घोषणा की जाएगी। उनका कहना था कि 2021 में कुछ सीटों को लेकर जो स्थिति बनी थी, उसे ध्यान में रखते हुए इस बार विस्तृत चर्चा की जा रही है।

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, वाम दलों की ओर से सहयोगी दल फॉरवर्ड ब्लॉक को 12 से 15 सीटें देने का प्रस्ताव था, जबकि पार्टी ने करीब 30 सीटों की मांग रखी है। इस बीच आईएसएफ के साथ गठबंधन को लेकर भी कुछ सहयोगी दलों ने सवाल उठाए हैं।

अब सभी की नजर बुधवार की बैठक पर है, जहां वाम-आईएसएफ गठबंधन और सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला होने की संभावना है।

## लेक एवेन्यू में सड़क मरम्मत के दौरान बिजली का तार फटने से लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेक एवेन्यू में मंगलवार को सड़क मरम्मत के दौरान अचानक आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। शुरुआती तौर पर पता चला कि जमीन खोदते समय बिजली का तार फटने से शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह से लेक एवेन्यू पर सड़क मरम्मत का काम चल रहा था। उस समय पेलोडर से सड़क खोदते समय अचानक बिजली का तार टकरा गया। कुछ ही पलों में तेज आवाज सुनाई दी और खोदी गई सड़क से आग और घना धुआं निकलता देखा गया। अपनी आंखों के सामने यह घटना होते देख इलाके में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आसपास मौजूद मजदूरों और पैदल चलने वालों में दहशत



का माहौल बन गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर हालात पर तुरंत काबू पाया। संबंधित अधिकारियों ने तार टूटने और आग लगने के सही कारण की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड की शुरुआती कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया। बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए काट दी गई है और नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए इलाके में ट्रैफिक में रुकावट आई।

## 294 सीटों पर दमदार दावेदारी के साथ चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : परवेज अंजुम

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा टाउन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद परवेज अंजुम ने बड़ा चुनावी ऐलान करते हुए कहा कि वर्ष 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने दम पर मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवार खड़े करेगी और कम से कम 50 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। परवेज अंजुम ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देशानुसार अब पार्टी बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। पिछले 20 वर्षों से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है, इसलिए इस बार कांग्रेस आत्मनिर्भर रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि श्रीरामपुर सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में युवा उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। चुनावी मुद्दों में विकास, रोजगार, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, महिला सुरक्षा और जनहित के विषय प्रमुख रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और टीएमसी ने अब तक जनता को झूठे प्रलोभन देकर गुमराह करने का काम किया है। परवेज अंजुम को आधिकारिक तौर पर रिसड़ा टाउन कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुभंकर सरकार तथा हुगली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुब्रत मुखर्जी द्वारा सौंपी गई है। संगठनात्मक और ट्रेड यूनियन क्षेत्र में लंबे अनुभव का हवाला देते हुए परवेज अंजुम ने विश्वास जताया कि इस बार, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भरपूर ऑक्सीजन मिलने वाली है और पार्टी मजबूती के साथ उभरेगी।

### कोका-कोला इंडिया ने रिमझिम जीरा की धमाकेदार वापसी की

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत में लोकल फ्लेवर्स के प्रति बढ़ते लगाव के बीच, कोका-कोला अपने कल्ट क्लासिक 'रिमझिम जीरा' की ऐसी वापसी करा रहा है, जो बिल्कुल भी खामोश नहीं है। जीरे में हीरा, रिमझिम जीरा के विचार के साथ शुरू किया गया यह नया कैंपेन रिमझिम की साहसी वापसी को दर्शाता है-इसे केवल एक पुरानी पसंद के रूप में नहीं, बल्कि हर पीढ़ी के लिए एक गौरवशाली 'ओजी' (ओरिजनल) एथनिक ड्रिंक के रूप में पेश किया गया है। पुरानी यादों को एक मज़ेदार ट्विस्ट के साथ पेश करते हुए, यह कैंपेन रिमझिम जीरा के रेट्रो आकर्षण को फिर से जीवंत करता है। कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया (एमर्जिंग कैटगरीज) के सीनियर डायरेक्टर शोभनजीत रथ ने कहा कि 70 वर्षों से भी पुरानी विरासत के साथ, रिमझिम की धमाकेदार वापसी हुई है! इस कैंपेन का उद्देश्य कुछ ऐसा मज़ेदार और चंचल बनाना था जो रिमझिम के देसी और मज़बूत जीरा स्वाद से जुड़ा हो।

### खड़गपुर में चोरी के संदेह में युवक को खंभे से बांधकर पिटाई, दो गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर ग्रामीण इलाके में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को चोरी के संदेह में बिजली के खंभे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात करीब साढ़े 9.30 बजे सबंग ब्लॉक का एक युवक गलती से पांचपाड़ा गांव में पहुंच गया। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया और बिजली के खंभे से बांध दिया, जिसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित युवक ने काफी देर तक गुहार लगाई, लेकिन उसे लंबे समय तक बंधक बनाकर रखा गया। सूचना मिलने पर देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को छुड़ाकर उपचार के लिए भेजा। युवक के परिवार की लिखित शिकायत के आधार पर सीमंत मिश्र और श्रीकांत मिश्र नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## सृजन ग्रुप की ऑर्गनाइज्ड फैशन रिटेल में एंट्री, ‘सृजन स्टाइल’ लॉन्च

❑ **500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का ऐलान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी सृजन ग्रुप ने ऑर्गनाइज्ड फैशन रिटेल सेक्टर में कदम रखते हुए ‘सृजन स्टाइल’ ब्रांड लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने इस राष्ट्रीय रिटेल चेन के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये से अधिक के शुरुआती निवेश का संकल्प लिया है। ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर अग्रवाल, प्रबंध निदेशक संजय अग्रवाल, निदेशक केशव अग्रवाल और वाइस प्रेसिडेंट गौरव सरावगी की मौजूदगी में कोलकाता में यह घोषणा की गई। कंपनी का फोकस टियर-2, टियर-3 और टियर-4 शहरों पर रहेगा, जहां बढ़ती आय और संगठित रिटेल की पहुंच के कारण उपभोग बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है।




‘सृजन स्टाइल’ के लॉन्च के मौके पर सृजन रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं एमडी श्याम सुंदर अग्रवाल, सृजन मार्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी संजय अग्रवाल, सृजन रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक केशव अग्रवाल और सृजन मार्ट प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष गौरव सरावगी।

‘सृजन स्टाइल’ को एक फैमिली डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। औसतन 8,000 वर्ग फुट के स्टोर में 99 से 1,999 रुपये की रेंज में फैशन और आवश्यक उत्पाद उपलब्ध होंगे, जिनमें अधिकांश उत्पाद 999 रुपये से कम कीमत के होंगे। पहले चरण में 10 स्टोर खोले जाएंगे और वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक 50 स्टोर संचालित करने का लक्ष्य है। विस्तार की शुरुआत पूर्वी भारत से होगी, जिसमें गड़ियाहाट में फ्लैगशिप स्टोर के साथ बंडेल, मध्यमग्राम, श्रीरामपुर, बगनान, सोदपुर, मुरारई और आसनसोल शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यह पहल संगठित रिटेल में दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।

न्यूज ब्रीफ

### सरसुना में सड़क पर पड़ा मिला बम

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बेहाला के सरसुना थाना अंतर्गत वार्ड 127 में सोमवार की रात सड़क के बीच में एक बम पड़ा मिला। यह काफी समय से वहां पड़ा था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि माणिक और गिरी नाम के दो लोग लंबे समय से इलाके में असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। कथित तौर पर, अशांति फैलाने के लिए बम रखा गया था। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि अगर घनी आबादी वाले इलाके में धमाका होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर बम डिस्पोजल टीम वहां पहुंची और विस्फोटक बरामद किया। पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

### कोलकाता में बहुमंजिला इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता में मंगलवार को एक बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि सदर्न एवेन्यू स्थित इमारत की चौथी मंजिल पर दोपहर करीब 12 बजे आग देखी गई। आशंका जताई जा रही है कि सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि दमकल की तीन गाड़ियों ने 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। स्थानीय विधायक और कोलकाता नगर निगम के कार्यकारी परिषद के सदस्य देबाशीष कुमार ने इमारत का दौरा किया और उन निवासियों से बात की, जो फ्लैट में आग लगने की जानकारी के बाद नीचे उतर आए थे।

### ऑनलाइन जुए के जाल में फंसकर तबाह हो रहे परिवार, बड़ाबाजार में अवैध धंधे पर उठे सवाल

**कोलकाता :** महानगर में अवैध ऑनलाइन जुए के बढ़ते कारोबार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि बड़ाबाजार इलाके में कोलकाता पुलिस की नजरों के सामने अवैध ऑनलाइन जुआ धड़ल्ले से संचालित हो रहा है, जिससे कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट में घिर गए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जुए की लत के कारण अनेक परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। इस बीच, अवैध ऑनलाइन जुआ कारोबारी ने सत्याग्रहियों के सामने कसम खाकर अपना धंधा बंद करने की बात कही। इतना ही नहीं, उसने इलाके में अन्य स्थानों पर चल रहे अवैध कारोबार की जानकारी भी सार्वजनिक रूप से साझा की। इसके बावजूद सवाल उठ रहे हैं कि जब अवैध गतिविधियों की जानकारी सामने है, तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

### ढाका के रास्ते कोलकाता-अगरतला बस सेवा 18 महीने के बाद हुई बहाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में गत 18 महीने से राजनीतिक उथल-पुथल के कारण स्थगित की गयी कोलकाता-अगरतला बस सेवा मंगलवार को बहाल हो गई और कम से कम 20 यात्री ढाका के रास्ते यहां पहुंचे। त्रिपुरा के परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने अखौरा एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) पर यात्रियों का स्वागत किया। कम से कम 20 यात्रियों को लेकर यह बस कोलकाता से ढाका होते हुए अगरतला पहुंची, जबकि दूसरी बस पश्चिम बंगाल की राजधानी के लिए रवाना हुई। एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतरराष्ट्रीय बस सेवा निलंबित कर दी गयी थी, जिसके परिणामस्वरूप वीजा संबंधी समस्याएं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई। उन्होंने बताया कि स्थिति में सुधार होने के साथ ही ऑपरेटर ने सेवा बहाल करने का प्रयास किया है।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. एलआरसी_3_बायो-टैंक_पीटी-III, दिनांक 23.02.2026, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एल.एच.बी.), कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: "03 वर्षों के लिए लिलुआ वर्कशॉप में पीओएच के दौरान बायो-डाइजेस्टर टैंकों की डिस्मेंटलिंग, सफाई, मरम्मत एवं पुनःफिट करना तथा सभी कोचों (आईसीएफ/एलएचबी/वीवी एवं कोई अन्य पीसीवी/ओसीवी) के बायो-टैंक के परिवहन के लिए फोर्क-लिफ्ट को किराए पर लेना" कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 11,27,13,891.76, बयाना राशि: रु. 7,13,600/-, निविदा कागजात का मूल्य: रु. 0.00, निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 12.03.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहां निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in निविदा सूचना के प्रकाशन के बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के संबंध में जानने के लिए, निविदाकारों को आईआरईपीएस पोर्टल नियमित देखने की सलाह दी जाती है। MISC-407/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दोलयात्रा/होली के अवसर पर कोलकाता और हावड़ा अंचल में परिचालित कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालयों का कामकाजी समय**

कोलकाता एवं हावड़ा अंचल में परिचालित सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय "दोलयात्रा/होली" के अवसर पर **दिनांक** 03.03.2026 **(मंगलवार)** को सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक के बदले **दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक** केवल **एक पाली** में काम करेंगे। तथापि, हावड़ा, सियालदह एवं कोलकाता टर्मिनल के मौजूदा बुकिंग काउंटर नियमित रूप से काम करेंगे।

**उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/डीबी**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/743, दिनांक 23.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3553, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 5/4 के स्थान में नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3560, कार्य का नाम** : "पूर्व रेलवे मुख्यालय भवनों (फेयरली प्लेस और ओल्ड केजी) के भवन की छत, दीवार, चारदीवारी और छत के रिसाव की बड़े पैमाने पर मरम्मत और कार्यालयों के रूपांतरण सहित भवन के अग्रभाग का प्रमुख उन्नयन" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 79,45,476/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,58,900/-, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3569, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 8/1 के स्थान में नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **क्रम सं. 4, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3570, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 7/1 के स्थान में नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 18.03.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-643/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सं. : 281_2025-26 और 282_2025-26, दिनांक 23.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 281_2025-26, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल सेस मरम्मत - एईएन/एजेड के अधीन 30016 घनमी. और एईएन एनडीईई के अधीन 42523 घनमी., वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में निम्न स्थानों पर:-**केडब्ल्यूएई-एजेड:** डाउन 131.680-131.730 = 47 घनमी., 133.280 - 133.330 = 62 घनमी., 133.550-133.650 = 100 घनमी., 139.180 - 139.940 = 799 घनमी. 143.550-143.630 =109 घनमी., 146.910 -147.080=170 घनमी., 149.005-149.530 = 2615 घनमी., 155.138-155.233 = 475 घनमी., 157.769-157.900=655 घनमी., 165.260 -165.310 = 67 घनमी., 166.190-166.990 =4000 घनमी., 167.560 - 167.750 =905 घनमी., 168.230-168.320 = 425 घनमी., 168.450 - 168.950 = 2500 घनमी. अप 165.257- 165.306 = 245 घनमी., **एजेड-एनएचटी:** डाउन 2.400- 2.900 = 756 घनमी., 4.000 -4.400 = 840 घनमी., 20.200-21.000 = 1120 घनमी., 24.560 -25.360 =2016 घनमी., अप 2.300-2.500 = 288 घनमी., 3.100 - 3.700 = 1152 घनमी., 16.750-16.950 = 256 घनमी., 24.770 - 25.160 = 624 घनमी., **एजेड-एनएफके** अप 180.130-180.500= 1646.500 घनमी.; **एजेड-एनएचटी :** डाउन 10.290 - 10.550 =1157.000 घनमी., डाउन 10.820 -11.040 = 979.000 घनमी., डाउन 11.080 -11.280=890.000 घनमी., अप 7.300-7.500 = 890.000 घनमी., अप 7.900-8.040 = 623.000 घनमी., अप 10.600 - 10.850 = 1112.500 घनमी., अप 23.390- 23.950 = 2492.000 घनमी., **बीडीसी-केडब्ल्यूएई :** डाउन 6.930 -7.000 = 168 घनमी., 11.930 -13.200 = 5500 घनमी., 27.120-27.190 = 169 घनमी., 29.000 - 29.560 = 1170 घनमी., 76.285-76.690 = 2850 घनमी., 79.595- 81.000 = 9900 घनमी., अप 5.000-5.350 = 739 घनमी., 6.860 -7.000 =342 घनमी., 12.680-13.100 = 930 घनमी., 26.900-27.050 =470 घनमी., 32.250 - 32.670 = 911 घनमी., 59.000 - 59.250 = 2401 घनमी., 76.230 - 76.655 =3000 घनमी., डाउन 46.555-47.010=2024.750 घनमी., डाउन 59.255 - 59.570 = 1401.750 घनमी., अप 48.900 - 49.650 = 3337.500 घनमी., अप 53-53.300 = 1335.000 घनमी., अप 58-59 = 4450.000 घनमी., अप 76.235-76.555 = 1424.000 घनमी.; **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,41,42,472.79, **बयाना राशि:** रु. 2,70,700/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 282_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/एनडीईई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीईई की शाखा के अंतर्गत एलसी नंबर 2, 2/ए, 3.....=27 अदद पर पुराने प्रकार के नहीं वाले हाइट गेज के स्थान पर आरडीएसओ स्टैंडर्ड हाइट गेज प्रदान करना। **अनुमानित मूल्य :** रु.2,18,28,353.87, **बयाना राशि:** रु. 2,59,200/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 माह (क्रम सं. 1 हेतु) और स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 13.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-642/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**वॉक-इन इंटरव्यू**
**बी.आर.सिंह अस्पताल, सियालदह में कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**

चिकित्सा निदेशक, बी.आर.सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा आईआरएचएस चिकित्सकों के मौजूदा रिक्त स्थानों के तहत 03 **पूर्णकालिक कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर जीडीएमओ एवं स्पेशलिस्ट** को **सेवा से जुड़ने की तिथि से एक वर्ष के लिए** निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन नियुक्त किया जाएगा:-**[समुदाय विभाजन-कुल पद: 03 (अन्य पिछड़ा वर्ग-01, अनुसूचित जाति-01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-01)]।**

उपर्युक्त नियुक्ति के लिए अपेक्षित योग्यता और उम्र की आवश्यकता को पूरा करने वाले इच्छुक चिकित्सकों से **दिनांक 09.03.2026 को चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता 700014 के कार्यालय में** "वॉक-इन-इंटरव्यू" के लिए सभी प्रमाणपत्रों के साथ रिपोर्ट करने का अनुरोध किया जाता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के दौरान, आवेदकों से उम्र, योग्यता, चिकित्सा पंजीकरण, जाति, पूर्ववृत्त के साथ चरित्र प्रमाण पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी या मेडिकल कॉलेज/संस्थान के फैकल्टी द्वारा प्रमाणित, जहां आवेदक ने अध्ययन किया है) और अनुभव आदि के समर्थन में सत्यापित प्रतियों के साथ मूल संबंधित प्रमाण पत्र/कागजात और दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक, जरूरत पड़ने पर एक दिन के लिए अपने खर्च पर रुकने के लिए तैयार रहें। आवेदन का प्रारूप इस कार्यालय द्वारा साक्षात्कार की तिथि को प्रदान किया जाएगा।

**नियम और शर्तें: 1. पद का नाम:** पूर्णकालिक नियुक्ति पर कॉन्ट्रैक्चुअल मेडिकल प्रैक्टिशनर (सीएमपी) । **2. नियुक्ति की प्रकृति:** यह नियुक्ति सेवा से जुड़ने की तिथि से एक वर्ष के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर है। **3. रिक्त स्थान (विभाग अनुसार), योग्यता:**

| क्रम सं. | विभाग | योग्यता | आवश्यक सीएमपी की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | गाइनी एण्ड ऑब्सटेट्रिक्स | एमडी/डीएनबी/डीजीओ (गाइनीकोलॉजी एवं ऑब्सटेट्रिक्स) | 01 |
| 2. | एनेस्थिसिया | एमडी/डीएनबी (एनेस्थिसिया)/डीए, या एमबीबीएस के साथ किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज या किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर यूनिट में कम से कम एक वर्ष का अनुभव | 01 |
| 3. | जीडीएमओ | एमबीबीएस | 01 |

अपेक्षित क्षेत्र में 03 वर्ष के कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

**4. पारिश्रमिक:** (i) रु.95,000/- प्रति माह जीडीएमओ के लिए (ii) रु.1,23,500/- प्रति माह स्पेशलिस्ट के लिए। **5. उम्र:** (क) दिनांक 09.03.2026 को 60 वर्ष से अधिक नहीं, को प्रत्येक एक वर्ष की अधिकतम 20 अवधियों के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया जा सकता है। (निर्दिष्ट नियमों के अनुसार आरक्षित आवेदकों के लिए आयु में छूट)। (ख) सेवानिवृत्त आईआरएचएस चिकित्सक/केंद्र/राज्य सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को प्रत्येक एक वर्ष की अधिकतम सात अवधियों के लिए या 67 वर्ष की आयु होने तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया जा सकता है। सेवानिवृत्त केंद्र/राज्य सरकार के चिकित्सक समान राशि के पारिश्रमिक पाने के अधिकारी होंगे बशर्ते कि पारिश्रमिक के साथ उनका पेंशन अंतिम आहरित वेतन से अधिक न हो। **6. वॉक-इन-इंटरव्यू का रिपोर्टिंग समय: दिनांक 09.03.2026 को सुबह 11 बजे।**

चिकित्सा निदेशक/बी.आर. सिंह अस्पताल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज ब्रीफ


### डोपिंग टेस्ट से बचने पर एआईयू ने भारतीय धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया

**नयी दिल्ली:** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। तीस वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था।

### न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने के लिए श्रीलंका को करना होगा काफी सुधार

**कोलंबो:** श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए। श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा।

# ब्रुक के शतक से इंग्लैंड सेमीफाइनल में, पाकिस्तान दो विकेट से पराजित




**पाल्लेकल:** कप्तान हैरी ब्रुक की टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इंग्लैंड ने 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट पर 166 रन बनाये। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। साहिबजादा फरहान ने 45 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल रहे। फखर जमां ने 16 गेंद में 25 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। हालांकि मध्य ओवरों में इंग्लैंड के स्पिनरों ने रन गति पर अंकुश लगाया। लियाम डॉसन ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जबकि जेमी ओवरटन और जोफ्रा आर्चर ने दो-दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 58 रन तक चार विकेट गंवा दिए। ऐसे में ब्रुक ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। सैम कुरेन (16) और विल जैक्स (28) के साथ उनकी उपयोगी साझेदारियों ने मैच का रुख बदल दिया। ब्रुक ने 50 गेंद में अपना शतक पूरा किया, हालांकि अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। आखिरी तीन ओवर में 10 रन की जरूरत थी। मोहम्मद नवाज ने 19वें ओवर में दो विकेट लेकर मुकाबले को रोमांचक बनाया, लेकिन अंतिम ओवर में जोफ्रा आर्चर ने चौका जड़कर इंग्लैंड को जीत दिला दी। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट लिये। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है।

## अक्षर ने नेट सत्र में जमकर पसीना बहाया, जिम्बाब्वे के खिलाफ मौका मिलने की उम्मीद




**चेन्नई:** अक्षर पटेल ने नेट सत्र के दौरान लगभग 30 मिनट तक अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी को निखारा जिससे जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के करो या मरो के मैच की एकादश में उनकी संभावित वापसी का संकेत मिलता है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में वाशिंगटन सुंदर को अक्षर पर तरजीह दी गई थी। क्रिकेट के नजरिए से यह कोई गलत विचार नहीं था क्योंकि टीम प्रबंधन पावर प्ले में दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के दो आक्रामक बल्लेबाजों क्विंटन डिकॉक और रेयान रिकेल्टन के खिलाफ वाशिंगटन की ऑफ स्पिन का इस्तेमाल करना चाहता था। लेकिन भारत की यह रणनीति कामयाब नहीं हो पाई क्योंकि जसप्रीत बुमराह ने डिकॉक और रिकेल्टन को जल्दी आउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन रन की हार ने भारत के लिए बचे हुए दो सुपर आठ मैच को जीतना अनिवार्य बना दिया है और इसमें से पहला मैच बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ होगा। जिम्बाब्वे के भी शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के दो बल्लेबाज सलामी बल्लेबाज ताडी मारुमानी और चौथे नंबर पर रेयान बर्ल हैं। तो क्या वाशिंगटन एकादश में अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे या अक्षर की वापसी होगी। रिंकू सिंह के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में वाशिंगटन को हटाए बिना अक्षर को खिलाया जा सकता है। भारत में पास हालांकि कुलदीप यादव को भी टीम में शामिल करने का विकल्प है।

### पाकिस्तान के सेमीफाइनल, फाइनल में पहुंचने पर कोलकाता, अहमदाबाद के टिकट धारकों का पैसा लौटाया जाएगा

**दुबई:** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों की बिक्री मंगलवार से शुरू हो गई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वादा किया है कि अगर पाकिस्तान के क्वालीफिकेशन की वजह से कोलकाता और अहमदाबाद से मैच हटाए जाते हैं तो प्रभावित प्रशंसकों को टिकटों का पैसा लौटा दिया जाएगा। कोलकाता पहले सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा और अहमदाबाद में फाइनल होना है। अगर श्रीलंका क्वालीफाई करता है और भारत के अलावा किसी और टीम के खिलाफ सेमीफाइनल खेलता है तो भी पैसा लौटा दिए जाएगा क्योंकि ऐसी स्थिति में वह कोलंबो में खेलेगा। टिकट मंगलवार को भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए। प्रशंसक चार मार्च को पहले सेमीफाइनल, पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल और आठ मार्च को फाइनल के लिए टिकट खरीद सकेंगे। पहला सेमीफाइनल कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम या कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वे चार मार्च को कोलंबो में पहले सेमीफाइनल में खेलेंगे। अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है लेकिन श्रीलंका क्वालीफाई करता है और भारत के अलावा किसी और से खेलता है तो श्रीलंका कोलंबो में पहले सेमीफाइनल में खेलेगा।

### पायबस अफगानिस्तान के मुख्य कोच नियुक्त

**काबुल :** इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पायबस को जोनाथन ट्रॉट की जगह अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। ट्रॉट का कार्यकाल मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम के बाहर होने के साथ ही खत्म हो गया था। पायबस अगले महीने यूएई में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले टीम की कमान संभालेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को बयान में कहा, एसीबी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि रिचर्ड पायबस को अफगानिस्तान राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

## मूनी-हीली के अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया




ब्रिस्बेन: बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों तथा एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत को 70 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 48.3 ओवर में 214 रन पर सिमट गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंद में 53 और उपकप्तान स्मृति मंधाना ने 68 गेंद में 58 रन की पारी खेली, लेकिन मध्यक्रम टिक नहीं सका। रिचा घोष ने 23 और काशवी गौतम ने 44 गेंद में 43 रन बनाकर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गार्डनर ने सात ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। मेगन शट ने मैच के पहले ओवर में प्रतिका रावल को आउट कर भारत को शुरुआती झटका दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली (70 गेंद में 50) और फोबे लिचफील्ड (32) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े।

इसके बाद मूनी ने 79 गेंद में 76 रन की संयमित पारी खेली। एनाबेल सदरलैंड ने नाबाद 48 रन बनाते हुए चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी कर जीत सुनिश्चित की। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे 27 फरवरी को होबार्ट में खेला जाएगा।

### यह एक गलती थी: बकनर को 22 साल बाद तेंदुलकर के खिलाफ गलत फैसले पर पछतावा हुआ




**नयी दिल्ली:** महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के खिलाफ बेहद खराब फैसला देने के दो दशक से अधिक समय बाद दिग्गज अंपायर स्टीव बकनर को आखिरकार पछतावा है और उन्होंने माना है कि यह एक गलती थी। वर्ष 2009 में संन्यास लेने वाले बकनर दो दशक से अधिक समय तक दुनिया के सबसे सम्मानित अंपायरों में से एक थे। हालांकि उन्होंने तेंदुलकर से जुड़े कुछ विवादित फैसले दिए जिनमें सबसे चौंकाने वाला फैसला 22 साल पहले ब्रिसबेन के गाबा में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के दौरान पगबाधा आउट देना था। वेस्टइंडीज क्रिकेट अंपायर संघ के साथ साक्षात्कार में जब बकनर से एक अंपायर के तौर पर उनके सबसे मुश्किल फैसलों में से एक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'सचिन तेंदुलकर को पगबाधा आउट देना। यह एक गलती थी लेकिन आज भी हर दिन लोग इसके बारे में बात करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। मैंने मान लिया है कि यह एक गलती थी और जिंदगी चलती रहती है।'

### परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे, जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**चेन्नई:** मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने पीटीआई को यह जानकारी दी। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी खिलाड़ियों ने नेट सत्र के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, 'रिंकू सिंह परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नई से घर वापस लौट गए हैं। वह चेपक में भारत के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए।' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती हैं और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा। रिंकू के अचानक चले जाने से इस बाएं हाथ के खिलाड़ी के बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के 'करो या मरो' के सुपर आठ मुकाबले में खेलने को लेकर संदेह है।

### जिम्बाब्वे के कोच सैमन्स ने कहा, भारत कोई कसर नहीं छोड़ेगा लेकिन हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई:** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी।



### नोएल टाटा की शर्तों के कारण चंद्रशेखरन को अगला कार्यकाल देने पर फैसला टला



**मुंबई:** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के निदेशक मंडल में शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद होने की वजह से मंगलवार को चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त करने का फैसला टाल दिया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन के मौजूदा कार्यकाल को बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। इसके पीछे टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा की तरफ से रखी गई कुछ शर्तों की अहम भूमिका रही। सूत्रों के मुताबिक, चंद्रशेखरन का टाटा संस चेयरमैन के तौर पर मौजूदा कार्यकाल फरवरी, 2027 में खत्म होने वाला है जिसे आगे बढ़ाने पर निदेशक मंडल में चर्चा हो रही थी। इसी दौरान टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने पुनर्नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रख दीं। इसके अलावा नोएल टाटा ने समूह की कुछ कंपनियों में हो रहे नुकसान और टाटा संस द्वारा संभावित कर्ज वृद्धि पर चिंता जताई। उनका मानना था कि कर्ज बढ़ने की स्थिति में कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, नोएल टाटा आने वाले समय में टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के भी पक्ष में नहीं हैं और इस संबंध में वह लिखित प्रतिबद्धता चाहते हैं।

### ट्राई ने सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम की नीलामी का प्रस्ताव रखा, 35 प्रतिशत सीमा का सुझाव

नयी दिल्ली: दूरसंचार नियामक ट्राई ने आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए सभी उपलब्ध रेडियो तरंगों (स्पेक्ट्रम) को एक साथ नीलाम करने की सिफारिश की है। साथ ही नई कंपनियों के लिए प्रवेश शर्तें आसान करने और सभी बैंड में 35 प्रतिशत की समान स्पेक्ट्रम सीमा का प्रस्ताव रखा है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार विभाग से दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियों के पास उपलब्ध स्पेक्ट्रम को तत्काल वापस लेकर आगामी नीलामी में शामिल करने को कहा है। नियामक ने नए आवेदकों के लिए शुद्ध संपत्ति के मानदंड को प्रति लाइसेंस सेवा क्षेत्र 100 करोड़ रुपये से घटाकर 50 करोड़ रुपये करने और जम्मू-कश्मीर एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 50 करोड़ से घटाकर 25 करोड़ रुपये करने का सुझाव दिया है। ट्राई ने कहा, '600 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज सहित नौ बैंड में उपलब्ध सभी स्पेक्ट्रम को नीलामी में रखने की सिफारिश की गई है।' हालांकि, अधिकांश स्पेक्ट्रम बैंड में आरक्षित मूल्य को 2022 की नीलामी के मुकाबले कम रखा गया है लेकिन कुछ मामलों में यह पहले से अधिक है।

### पीएनजीएस रेवा के आईपीओ को पहले दिन 59 प्रतिशत अभिदान मिला

**नयी दिल्ली :** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को शेयर-बिक्री के पहले दिन 59 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 380 करोड़ रुपये के आईपीओ को बिक्री के लिए रखे गये 57,06,235 शेयरों के मुकाबले 33,83,488 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। पात्र संस्थागत खरीदारों के हिस्से को 92 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के हिस्से को 37 प्रतिशत अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को सात प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी ने सोमवार को एंकर निवेशकों से करीब 171 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# पाणिनि से एआई स्टैक तक: दिल्ली का एआई क्षण और राष्ट्रीय क्षमता का तर्क



हरदीप सिंह पुरी

जब पाणिनि ने बिखरी हुई बोली को संक्षिप्त और गणनात्मक व्याकरण में बदला, तब उन्होंने एक स्थायी सत्य स्थापित किया-बुद्धिमत्ता तब सबसे प्रभावी होती है, जब वह संरचना के रूप में व्यक्त हो। नालंदा ने इसी प्रवृत्ति को संस्थागत रूप दिया, जहाँ ज्ञान को संजोने, बहस करने और सीमाओं के पार प्रसारित करने की पद्धति विकसित हुई। भारत द्वारा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी उसी सभ्यतागत दृष्टि का विस्तार है, क्योंकि अगली तकनीकी छलांग ऐसे तंत्रों की है जो बड़े पैमाने पर सीख सकें, तर्क कर सकें और कार्य कर सकें। दुनिया ऐसा भविष्य वहन नहीं कर सकती जिसमें केवल कुछ ही देश तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनेंगी। पिछले सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई विशेषज्ञ और 300 प्रदर्शक शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक स्पष्ट दृष्टि रखी-डाटा पर संप्रभुता, समावेशन आधारित विकास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली व्यवस्था। प्रधानमंत्री की म.अ.न.व. परिकल्पना-नैतिक सुरक्षा-सीमा, उत्तरदायी शासन, डाटा पर राष्ट्रीय स्वामित्व, व्यापक पहुँच और कानूनी वैधता-एआई के विकास को लोकतांत्रिक नियंत्रण के भीतर रखने का संकल्प है। यह दृष्टि स्पष्ट करती है कि एआई को खुला आकाश मिले, पर नियंत्रण मानव के हाथ में रहे। शिखर सम्मेलन में स्वीकृत 'दिल्ली घोषणा' को वैश्विक दक्षिण की ओर से एआई शासन का पहला व्यापक खाका माना जा रहा है। इसमें 'जन, धरती और प्रगति' के तीन स्तंभों पर सहयोग की रूपरेखा है। 'भारतजेन' जैसी पहल, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करती है, इस तथ्य को स्वीकार करती है कि दुनिया की बहुसंख्यक आबादी अंग्रेजी में कार्य नहीं करती। प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक, भारत की सब्सिडी युक्त जीपीयू सुविधा (65 प्रति घंटा) की तर्ज पर, नवाचार की बाधाएँ कम करने का प्रयास है। इस रूपरेखा की विश्वसनीयता पिछले दशक के क्रियान्वयन से आती है। यूपीआई ने वर्ष 2025 में 228 अरब से अधिक लेनदेन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। 'जाम त्रयी' के माध्यम से 2015 से अब तक 3.48 लाख करोड़ की बचत सुनिश्चित हुई। पहचान, भुगतान और लाभ वितरण की ऐसी समेकित संरचना किसी अन्य लोकतंत्र में इस पैमाने पर नहीं बनी। आज भारत विश्व का लगभग 20 प्रतिशत डाटा उत्पन्न करता है, किंतु वैश्विक डाटा सेंटर क्षमता में उसकी हिस्सेदारी लगभग 3 प्रतिशत है। इस अंतर को पाटने की दिशा में बड़े निवेशों की घोषणा हुई है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, अमेजन वेब सर्विसेज, अडानी समूह, योट्टा डाटा सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो जैसी कंपनियों ने अरबों डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। 'इंडियाएआई मिशन' के अंतर्गत राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर में 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध हैं, जिन्हें बढ़ाकर 58,000 किया जा रहा है। केंद्रीय बजट 2026-27 में विदेशी कंपनियों के लिए कर अवकाश 2047 तक बढ़ाया गया है और एआई व उन्नत विनिर्माण के लिए 1.1 अरब डॉलर का उद्यम पूंजी कोष घोषित किया गया है। राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत 34,000 करोड़ से अधिक का प्रावधान एआई और सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए आवश्यक खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। शिखर सम्मेलन के पहले दिन 2.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने उत्तरदायी नवाचार का संकल्प लिया। 570 डाटा और एआई प्रयोगशालाओं के लक्ष्य में से 30 प्रयोगशालाएँ टियर-2 और टियर-3 शहरों में कार्यरत हैं। एआईकोश में 7,500 से अधिक डाटासेट और 273 मॉडल उपलब्ध हैं। तीन स्वदेशी एआई मॉडल-सरवम एआई का 105 अरब पैरामीटर मॉडल और भारतजेन का 'परम-2'-पूरी तरह भारतीय अवसंरचना पर विकसित किए गए हैं। भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला का सहभागी बन रहा है। भारत-अमेरिका एआई अवसर साझेदारी और भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 जैसे समझौते इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने केवल एक सम्मेलन की मेजबानी नहीं की, बल्कि एआई शासन और संरचना की नई शर्तें निर्धारित की हैं। पाणिनि का संदेश सरल था-संरचना ही बुद्धिमत्ता है। भारत आज उसी संरचना का निर्माण कर रहा है।

### सोना 400 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये पर, चांदी की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली और कमजोर रुपये के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय बाजार विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

## भारत, खाड़ी सहयोग परिषद ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की



**नयी दिल्ली:** भारत और पश्चिम एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू कर दी है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इस संबंध में परिषद के महासचिव जासिम मोहम्मद अल बुदैवी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच नयी दिल्ली में एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए गए। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-जीसीसी एफटीए पर जारी संयुक्त वक्तव्य के साथ एक व्यापक और दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौते की दिशा में औपचारिक रूप से वार्ता शुरू हो गई है। अल बुदैवी ने कहा कि यह एफटीए भारत और जीसीसी देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा तथा कारोबार के लिए स्थिरता और भरोसा बढ़ाएगा। जीसीसी भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक समूह है। वर्ष 2024-25 में दोनों पक्षों के बीच कुल व्यापार 178.56 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 56.87 अरब डॉलर और आयात 121.68 अरब डॉलर रहा।

## न्यूज अपडेट

### चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय घटकर दो घंटे रह जाएगा : गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि इस साल के अंत तक नए एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद चेन्नई और बेंगलुरु के बीच यात्रा का समय घटकर मात्र दो घंटे रह जाएगा। बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे लगभग 260 किमी लंबा है और वर्तमान में इसका कुछ हिस्सा ही परिचालन में है। 'बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवार्ड्स' के तीसरे संस्करण को संबोधित करते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि दिल्ली से देहरादून तक का एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है और अब वहां दो घंटे के भीतर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा, इस साल के अंत तक चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे भी शुरू हो जाएगा, जिससे इन दोनों शहरों के बीच की दूरी दो घंटे में तय की जा सकेगी।

### भारत, इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

**नयी दिल्ली:** भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''भारत-इज़राइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नयी दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा।' इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है। बयान में कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं, जबकि इज़राइली पक्ष का नेतृत्व वरिष्ठ निदेशक यिफ़ात अलोन पेरेल कर रही हैं। यह बातचीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25-26 फरवरी को इज़राइल की यात्रा पर जा रहे हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर, तेज गति से बढ़ रही है: आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि उच्च, स्थिर और बढ़ती वृद्धि दर के साथ-साथ अधिक अनुकूल आर्थिक परिणाम भारतीय अर्थव्यवस्था की पहचान बन गए हैं। गुप्ता ने 20 फरवरी को सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज़ (सीडीएस) के 14वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान में कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिरता, नीतिगत निरंतरता और विविध मांग आधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर होती वृद्धि दर की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, यह अधिकांश अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक बेहतर स्थिति है, क्योंकि उनमें इन सहायक कारकों में से एक या अधिक की कमी है। गुप्ता ने कहा कि पिछले साढ़े चार दशक में भारत की आर्थिक वृद्धि धीमी लेकिन निश्चित गति से बढ़ी है, जो अन्य प्रमुख उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन है। उनके अनुसार, जहां 1980 के दशक के दौरान औसत वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत थी, वहीं अगले दशक में यह सुधरकर 5.8 प्रतिशत हो गई। इसके बाद 2000 और 2010 के दशकों के दौरान यह क्रमशः 6.3 और 6.6 प्रतिशत रही तथा पिछले चार वर्षों के दौरान यह बढ़कर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मार्च को तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर जाएंगे

**चेन्नई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मार्च को तमिलनाडु यात्रा के दौरान मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मदुरै के मंडेला नगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली चेन्नई के पास मदुरंथकम में पिछले महीने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद उनकी दूसरी रैली होगी। मदुरै में वह तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर जाएंगे, जहां पत्थर के स्तंभ पर कार्तिगई दीपम जलाने को लेकर विवाद सामने आया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता के अनुसार प्रधानमंत्री मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

## हल्द्वानी में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से संकेत मिलता है कि प्रस्तावित विस्तार परियोजना के लिए 5,000 से अधिक परिवारों को विवादित जमीन खाली करनी होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि संबंधित भूमि से जुड़ा विवाद विभिन्न अदालतों में जा चुका है और रेलवे की अतिक्रमित जमीन पर गतिरोध को अनिश्चितकाल तक जारी रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## पोकरण रेंज में 'वायु शक्ति' का फुल ड्रेस अभ्यास शुरू

**जैसलमेर :** भारतीय वायु सेना के प्रदर्शन 'वायु शक्ति' का फुल ड्रेस अभ्यास मंगलवार को पश्चिमी राजस्थान के थार मरुस्थल स्थित पोकरण रेंज में शुरू हुआ। यह अभ्यास 27 फरवरी को निर्धारित मुख्य 'फायरपावर' प्रदर्शन से पहले आयोजित किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं, जिसमें समन्वित हमलों और एकीकृत अभियानों का अभ्यास किया जा रहा है, ताकि वास्तविक युद्ध जैसी स्थिति का अनुभव कराया जा सके। इस अभ्यास का लक्ष्य समन्वित अभियानों के माध्यम से परिचालन तत्परता, सटीक हमले की क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना है।

## भारत और अमेरिका की सेनाओं ने तीन सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका की सेनाओं ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के बकलोह में तीन सप्ताह के सैन्य अभ्यास की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य अभियानगत क्षमताओं और तालमेल को बढ़ाना है। भारतीय सेना ने कहा कि 'वज्र प्रहार' अभ्यास का 16वां संस्करण पर्वतीय इलाकों में संयुक्त विशेष बल अभियानों के वास्ते संयुक्त क्षमताओं को मजबूत करने पर केंद्रित है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण नवंबर 2024 में अमेरिका के इडाहो स्थित 'ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर' में आयोजित किया गया था। सेना ने एक बयान में कहा, ''वज्र प्रहार अभ्यास का उद्देश्य बेहतर तालमेल और विशेष अभियान रणनीतियों के पारस्परिक आदान-प्रदान के माध्यम से भारत तथा अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है।''

## क्रिकेट खेलने को लेकर हुए झगड़े में 15 साल के लड़के की हत्या, तीन किशोर हिरासत में लिये गये

**नयी दिल्ली :** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट के मैच को लेकर चार नाबालिगों में हुए झगड़े में 15 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को स्थानीय पार्क में क्रिकेट मैच को लेकर 12 वर्षीय एक लड़के और 15 वर्षीय किशोर के बीच बहस के कारण हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया जहां उसने अपने 17 और 12 वर्षीय रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी।

# एआई सम्मेलन में प्रदर्शन: पुलिस ने भारतीय युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। आईवाईसी के अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत संगठन के अब तक आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना - यदि दंगा किया जाता है; यदि नहीं किया जाता है) जोड़ी गई है।



विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध और पुलिस प्रबंधन एवं मीडिया प्रकोष्ठ) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में आरोपियों को 'आक्रामक तत्व' करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्वनियोजित कोशिश देखी गई। उन्होंने कहा, आक्रामक तत्वों को तुरंत काबू में कर लिया गया। उन्हें काबू में करते समय, ड्यूटी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। श्रीवास्तव ने कहा कि जांच के दौरान, कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कई व्यक्तियों को देखा गया। विशेष पुलिस आयुक्त ने कहा, कई अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का भी पता चला है, जो इस कृत्य को अंजाम देने में आक्रामक तत्वों की कथित तौर पर विभिन्न तरीकों से सहायता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है और छापेमारी की जा रही है।

# भारत ने सैन्य साहसिक प्रतियोगिता का किया आयोजन, सात अन्य देशों ने भाग लिया

**गुवाहाटी :** भारतीय सेना ने पूर्वी हिमालय की तलहटी में एक सैन्य साहसिक प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सात अन्य देशों ने भाग लिया। रक्षा प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय मिलिट्री एडवेंचर चैलेंज कप (आईएमएसी) 2026 में 12 टीम ने भागीदारी की। इसमें भूटान, ब्राज़ील, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, नेपाल, सऊदी अरब और श्रीलंका की एक-एक टीम शामिल थी। इस प्रतियोगिता में भारतीय थल सेना की दो टीम और भारतीय वायुसेना, भारतीय तटरक्षक और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की एक-एक टीम ने भी भाग लिया। रक्षा विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, आईएमएसी 2026 की मुख्य प्रतिस्पर्धा 18 से 23 फरवरी तक आयोजित हुई। समापन समारोह बुधवार को होगा और उसी दिन



विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा, आईएमएसी 2026 को एक जवान के आवश्यक गुणों, जैसे शारीरिक फिटनेस, मानसिक दृढ़ता, टीम वर्क, नेतृत्व और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया। इसमें कठिन पर्वतीय परिस्थितियों में भूभाग-आधारित चुनौतियां शामिल थीं, जो अभियानों के दौरान सैनिकों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकताओं को सटीक रूप से दर्शाती हैं। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय सैन्य खेल परिषद (सीआईएसएम) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सैन्य खेलों ने विश्व भर की सशस्त्र सेनाओं के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राजकोट में अतिक्रमण रोधी कार्रवाई में 1,300 से अधिक मकान ध्वस्त किये गये

**राजकोट (गुजरात) :** गुजरात में राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने अजी नदी के किनारे बसी अवैध बस्तियों के विरुद्ध व्यापक अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत 1,300 से अधिक घरों को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजकोट नगर निगम ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच नदी के किनारे स्थित जंगलेश्वर के ढाई किलोमीटर क्षेत्र में 1,400 से अधिक अवैध बस्तियों को हटाने के लिए अभियान शुरू किया था। नगर आयुक्त तुषार सुमेरा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंगलवार दोपहर दो बजे तक आरएमसी ने अजी नदी के किनारे लगभग 1,350 घरों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि बहुमंजिला इमारतों और आलीशान बंगलों को गिराने में समय लग रहा है, क्योंकि इन्हें मिट्टी खुदाई करने वाली मशीन से ध्वस्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि 65 से अधिक मिट्टी खुदाई करने वाली मशीन के अलावा, आलीशान बंगलों को ध्वस्त करने के लिए अत्याधिक बड़े 'हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर' तैनात किये गए हैं। अतिक्रमण रोधी यह कार्रवाई कड़ी सुरक्षा के बीच की जा रही है, जिसमें स्थानीय पुलिस, निगरानी दल, ड्रोन निगरानी इकाइयां, विशेष अभियान समूह, त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) और राज्य आरक्षित पुलिस बल के 2,500 से अधिक कर्मी तैनात किये गये हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दबाव में आकर भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी: राहुल गांधी

**भोपाल :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। राजधानी भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं। उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी 'कम्प्रोमाइज्ड (झुक गये)' हैं। उनको फंसा दिया गया है। नरेन्द्र मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है।



यह डील (करार) नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है।'' यह सवाल उठाते हुए कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो प्रधानमंत्री मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए, राहुल गांधी ने कहा, ''इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी हुई लाखों एप्स्टीन फाइल्स हैं।.. उसमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं।'' गांधी ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी 'एप्स्टीन फाइल्स' में शामिल है और प्रधानमंत्री मोदी को धमकाने के लिए उनका नाम जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो फाइलों में से सबूत निकलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं है। उसका लक्ष्य नरेन्द्र मोदी हैं। वह तीर अदाणी की ओर नहीं मारा जा रहा है, वह तीर नरेन्द्र मोदी जी की ओर मारा जा रहा है।''

## मुंबई में प्रदूषण के बढ़ते स्तर से फेफड़े के कैंसर के मामले बढ़ रहे : महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई :** महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए कैंसर जांच अभियान के नतीजों से संकेत मिलता है कि मुंबई में बढ़ते प्रदूषण का स्तर फेफड़ों के कैंसर में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो पहचान किए गए मामलों में से 57 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि महिलाओं में स्तन कैंसर के मामलों में चिंताजनक रुझान देखने को मिल रहा है, और शुरुआती पहचान में देरी ने समग्र रूप से बढ़ते मामलों में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कैंसर की जांच और उपचार सुविधाओं का विस्तार करने तथा कैंसर के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए तालुका, जिला और राज्य स्तर पर त्रिस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया है। कैंसर के बढ़ते मामलों का मुद्दा विधायक सुनील प्रभु द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाया गया। उन्होंने सरकार से टाटा के साथ-साथ सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार सुविधाओं को मजबूत करने के लिए तत्काल धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## केरल स्टोरी में केरल जैसे धर्मनिरपेक्ष राज्य को गलत तरीके से दर्शाया गया है : उच्च न्यायालय

**कोच्चि :** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि 'द केरल स्टोरी 2 - गोज़ बियॉन्ड' में केरल जैसे राज्य को गलत तरीके से दर्शाया गया है, जहां हर कोई सांप्रदायिक सद्भाव में रहता है। अदालत ने यह भी कहा कि राज्य के नाम का उपयोग करना और यह दावा करना कि फिल्म सच्चे तथ्यों पर आधारित है, राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने 'द केरल स्टोरी 2- गोज़ बियॉन्ड' को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए दिए गए प्रमाण पत्र को रद्द करने के अनुरोध वाली तीन अलग-अलग याचिकाओं पर दलीलें सुनते हुए यह टिप्पणी की। दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में जब यह मामला दोबारा सुनवाई के लिए आया तो अदालत को बताया गया कि फिल्म के निर्माता फिल्म के टीज़र को वापस लेने के इच्छुक हैं। इसके बाद अदालत ने कहा कि वह बुधवार को मामले में फिर से सुनवाई करेगी जब वह यह तय करेगी कि 27 फरवरी को इसकी निर्धारित रिलीज से पहले फिल्म देखी जाए या नहीं। इससे पहले सुनवाई के दौरान अदालत ने संकेत दिया था कि वह आदेश पारित करने से पहले फिल्म देखने की इच्छुक है।

## प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा से रणनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलने की संभावना

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से मुलाकात भी शामिल है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''यह दौरा दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ और लंबे समय से जारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएगा तथा साझा चुनौतियों की



समीक्षा करने के साथ-साथ दोनों लोकतंत्रों के बीच एक मजबूत साझेदारी के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को पुनर्गठित करने का अवसर प्रदान करेगा।'' यह जानकारी मिली है कि बृहस्पतिवार को दोनों प्रधानमंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान समग्र रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चर्चा का प्रमुख विषय होगा। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी। जुलाई 2017 में मोदी की इजराइल की पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए थे। नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत की यात्रा की थी। भारत और इजराइल विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, कृषि, जल और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में मजबूत सहयोग के साथ एक सुदृढ़ रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं।

## अंबानी परिवार ने नाथद्वारा में मनाया मां कोकिला बेन का जन्मदिन

**जयपुर :** रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी ने नाथद्वारा में मंगलवार को अपना 92वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर अंबानी परिवार के सदस्य शाम को नाथद्वारा पहुंचे और श्रीनाथजी के भोग आरती की झांकी के दर्शन किए।



इससे पूर्व, अंबानी परिवार के सदस्य मंगलवार को अलग-अलग चार्टड हवाई जहाज से उदयपुर पहुंचे और हवाई अड्डे से ही नाथद्वारा के लिए रवाना हुए। इस दौरान ईशा अंबानी भी साथ दिखीं। अंबानी परिवार के सदस्यों ने यहां कोकिलाबेन के जन्मदिन पर पुष्टिमार्गीय वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ नाथद्वारा श्रीनाथजी की हवेली में श्रीनाथजी के दर्शन कर युवाचार्य गोस्वामी विशाल बावा से आशीर्वाद लिया। अंबानी परिवार की श्रीनाथजी में अपार आस्था है, मां कोकिलाबेन श्रीनाथजी मंदिर मंडल की उपाध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर आकाश अंबानी, श्लोका अंबानी, अनंत अंबानी, राधिका अंबानी, अंशुल अंबानी, अनमोल अंबानी, नीना बेन कोठारी, दीप्ती सालगांवकर संपूर्ण अंबानी परिवार एवं धनराज नाथवानी भी शामिल हुए।

## असम : पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया 'सामूहिक दुष्कर्म'

**सिलचर :** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र के साथ घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और उससे जबरन पैसे भी वसूले। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने दो व्यक्तियों की पहचान की, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य की पहचान कर गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि सिलचर सदर पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) (जान से मारने की धमकी देकर जबरन वसूली), 310 (2) (डकैती), 351 (2) (आपराधिक धमकी), 61 (2) (दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा किया गया गैरकानूनी कृत्य), 70 (1) (सामूहिक दुष्कर्म), 76 (किसी महिला का वस्त्र हरण करने या वस्त्र उतारने की मंशा से आपराधिक बल का प्रयोग), 79 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हावभाव या कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण किया जा चुका है और उसका बयान भी दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया कि कम से कम सात अज्ञात पुरुषों ने एक-एक कर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसे आरोपियों में से एक के खाते में 10,000 रुपये अंतरण करने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर स्थित एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## पंजाब में गोलीबारी की घटनाओं में संलिप्त बीकेआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस के मुताबिक, उसने जबरन वसूली से जुड़ी गोलीबारी की घटनाओं में कथित तौर पर संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूस जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान शहीद भगत सिंह (एसबीएस) नगर जिले के कुलम गांव निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सनी और रावल के रूप में हुई है। यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में रह रहे अपने आका गोपी नवांशहरिया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो बीकेआई से जुड़े हुए हैं।

## राज्य चुनाव निकायों के साथ निर्वाचन आयोग का सम्मेलन, मतदाता सूची साझा करना प्रमुख एजेंडा

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को यहां शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, 'ईसीआईनेट' और मतदाता सूची साझा करना है।




मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए। निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगरपालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने 'ए कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज़' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, ''दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।'' राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें अक्सर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

## भोजशाला विवाद : एएसआई की रिपोर्ट से हिंदू पक्ष उत्साहित, मुस्लिम समुदाय ने जताई आपत्ति

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** धार के विवादित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट के खुलासे के बाद इस ऐतिहासिक स्मारक के बहुचर्चित मसले ने नया मोड़ ले लिया है। पक्षकारों के मुताबिक एएसआई की 2,000 से ज्यादा पन्नों की इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि विवादित स्थल पर धार के परमार राजाओं के शासनकाल की एक विशाल संरचना पहले से विद्यमान थी और वहां वर्तमान में मौजूद संरचना प्राचीन मंदिरों के हिस्सों से बनाई गई थी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने इस रिपोर्ट पर सोमवार को सभी पक्षकारों को दो हफ्तों के भीतर अपनी आपत्तियां, राय, सुझाव और सिफारिशें पेश करने को कहा और अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तारीख तय की। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष संभवतः 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर एएसआई द्वारा संरक्षित है और इस निकाय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर दो साल पहले विवादित परिसर का सर्वेक्षण करके अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट को लेकर अदालत ने ताजा आदेश के बाद इस विवादित स्थल का मसला फिर सुर्खियों में आ गया है। पक्षकारों के मुताबिक 2,000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया, ''प्राप्त स्थापत्य अवशेषों, मूर्तिकला के टुकड़ों, साहित्यिक ग्रंथों वाले शिलालेखों की बड़ी शिलाओं, स्तंभों पर नागकर्णिका शिलालेख आदि से संकेत मिलता है कि इस स्थल पर साहित्यिक और शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित एक विशाल संरचना विद्यमान थी। वैज्ञानिक जांच के दौरान प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों के आधार पर



पहले से मौजूद इस संरचना को परमार काल का माना जा सकता है।'' पक्षकारों के मुताबिक विस्तृत रिपोर्ट में यह भी कहा गया, ''वैज्ञानिक जांच, सर्वेक्षण और पुरातात्विक उत्खनन, प्राप्त वस्तुओं के अध्ययन एवं विश्लेषण, स्थापत्य अवशेषों, मूर्तियों और शिलालेखों के अध्ययन, कला और मूर्तिकला के आधार पर कहा जा सकता है कि वर्तमान संरचना प्राचीन मंदिरों के भागों से बनाई गई थी। याचिकाकर्ताओं में शामिल 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के पक्षकार आशीष गोयल ने मंगलवार को कहा, ''उच्च न्यायालय में विचाराधीन हमारी याचिका की मुख्य गुहार है कि विवादित परिसर को धार्मिक स्वरूप तय किया जाए। एएसआई की रिपोर्ट से हमारी इस बात को बल मिलता है कि भोजशाला एक परमारकालीन स्मारक है और इसे नुकसान पहुंचाकर एक नया ढांचा खड़ा किया गया था।''

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गोंदिया-जबलपुर दोहरी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति

**5,236 करोड़ की लागत से 231 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई गति**

**बिलासपुर :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की गोंदिया-जबलपुर दोहरी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,236 करोड़ है तथा इसे 5 वर्षों की अवधि में पूर्ण किया जाएगा।

गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण परियोजना गोंदिया पर हावड़ा-मुंबई उच्च घनत्व रेल मार्ग तथा जबलपुर पर इटारसी-वाराणसी उच्च उपयोगिता रेल मार्ग को जोड़ती है। यह प्रयागराज एवं वाराणसी से चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद की ओर सबसे छोटा रेल मार्ग उपलब्ध कराएगी, जिससे उत्तर-दक्षिण रेल संपर्क को सुदृढ़ता मिलेगी।

**परियोजना का विवरण एवं प्रमुख विशेषताएं**

- रेलखंड लंबाई: 231 किलोमीटर
- जिले: गोंदिया (महाराष्ट्र), जबलपुर, मंडला, सिवनी एवं बालाघाट (मध्य प्रदेश)
- वन्यजीव संरक्षण: वन्यजीव अंडरपास एवं फेंसिंग के लिए 450 करोड़ का प्रावधान

**परियोजना से होने वाले प्रमुख लाभ**

- यात्री एवं मालगाड़ियों के संचालन में वृद्धि तथा रेल क्षमता में उल्लेखनीय विस्तार
- प्रमुख तीर्थ स्थलों-अयोध्या धाम, वाराणसी, प्रयागराज, रामेश्वरम, मदुरै आदि-के लिए बेहतर एवं सुगम रेल संपर्क
- प्रमुख पर्यटन स्थलों-कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, पेंच टाइगर रिज़र्व, कचनार शिव मंदिर, गांगुलपारा बाँध, धुआंधार जलप्रपात आदि-तक आसान आवागमन
- विद्युत संयंत्रों, आयुध निर्माणी, खनन क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्रों को बेहतर रेल सुविधा
- अतिरिक्त माल परिवहन क्षमता: 7.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष
- पर्यावरणीय लाभ: प्रति वर्ष लगभग 16 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी, जो लगभग 63 लाख वृक्षारोपण के समतुल्य है
- परिवहन लागत में बचत: लगभग 350 करोड़ प्रतिवर्ष
- रोज़गार सृजन: लगभग 78 लाख मानव-दिवस

प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत नियोजित यह परियोजना एकीकृत योजना एवं बहुआयामी संपर्क को सुदृढ़ करेगी। गोंदिया-जबलपुर दोहरी रेल लाइन परियोजना से न केवल रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास, रोज़गार के अवसरों और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी नई गति मिलेगी।

॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥

JITO KOLKATA

JITO CONNECT






INAUGURATION BY

MAMATA BANERJEE

HON'BLE CHIEF MINISTER, WEST BENGAL

In the august presence of

JANAB FIRHAD HAKIM
HON'BLE MAYOR, KMC

SMT MALA ROY, HON'BLE MP

SHRI SUBRATA BAKSHI - HON'BLE MP

SHRI ASHIM KUMAR BOSE - MMIC, KMC

HISTORIC MILESTONE FOR 'SAKAL JAIN SAMAJ'

With immense pride, we share that the
Jain Manastambh at Ray Street, Bhawanipore is being inaugurated.

25/02/2026 03:00 PM Ray Street, Bhawanipore

ALL ARE INVITED

JITO KOLKATA CHAPTER & SAKAL JAIN SAMAJ


वर्ष 10, पूर्णांक 3514 अंक 324 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in